# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 304 । भोपाल, शुक्रवार 3 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए







## सार-समाचार

### भूटान के राजा वांगचुक आज से भारत की यात्रा पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक 03 से 10 नवंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि भूटान नरेश अपने देश की शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कल नयी दिल्ली पहुंचेंगे। वह यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भूटान नरेश से मुलाकात करेंगे। भूटान नरेश असम और महाराष्ट्र की यात्रा पर भी जाएंगे।

### 1 दिसम्बर तक न्यायिक हिरासत में भेजे गए प्रबीर पुरकायस्थ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को न्यूजक्लिक के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में 1 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस हिरासत पूरी होने पर दोनों को पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के सामने पेश किया गया। 31 अक्टूबर को, अदालत ने पुरकायस्थ के एक आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए दिल्ली पुलिस को 10 नवंबर तक का समय दिया था, जिसमें पुलिस द्वारा जब्त किए गए उनके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को जारी करने की मांग की गई थी।

### एनआईए ने बेंगलुरु आतंकी मामले को अपने हाथ में लिया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस द्वारा बेंगलुरु में कथित आतंकी साजिश का भंडाफोड़ करने और पांच लोगों को गिरफ्तार करने के तीन महीने बाद, मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपने हाथ में ले लिया है, सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच जिंदा ग्रेनेड, सात देशी पिस्तौल, 45 गोलियां, वॉकी-टॉकी, 12 मोबाइल और तेज धार वाले हथियार बरामद किए थे। आरोपियों को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

### तमिल अभिनेता बलैया का 70 साल की उम्र में निधन

**मुंबई, एजेंसी।** दिग्गज अभिनेता टी.एस. बलैया के तीसरे बेटे, जूनियर बलैया के नाम से मशहूर अभिनेता रघु बलैया का गुरुवार को दम घुटने के चलते निधन हो गया। एक्टर ने चेन्नई के वलसारावक्कम स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह 70 साल के थे। जूनियर बलैया को सुंदरकंदम, कराकाटकरन, सत्ताई और अन्य फिल्मों के लिए जाना जाता है। फिल्मों के अलावा उन्हें टीवी शो में भी देखा गया, जिनमें चिथी, वाजकई और चिन्ना पापा पेरिया पापा शामिल हैं।

### पूर्व डीजीपी हुए कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बी.के. रवि गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने कुछ महीने पहले वोलंटरी रिटायरमेंट ली थी। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य सैयद नसीर हुसैन ने कहा, रवि हमारी पार्टी में शामिल हो गए हैं। वह पहले तमिलनाडु पुलिस के डीजीपी थे और उन्होंने पार्टी में शामिल होने के लिए रिटायरमेंट ली है।

### कर्नाटक में दलित नेता की हत्या के मामले में 3 गिरफ्तार

**रायचूर, एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस ने एक दलित नेता की हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी इस हफ्ते की शुरुआत में रायचूर जिले में हत्या कर दी गई थी। 40 वर्षीय प्रसाद की सोमवार को मानवी तालुक के पास मुदलापुर में हत्या कर दी गई थी। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान केशव, रामू और देवा रेड्डी के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों ने कबूल किया कि पीड़ित ने उन्हें प्रताड़ित किया था और बदला लेने के लिए उन्होंने उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, हत्यारों ने पीड़ित को उस वक्त रोका जब वह बाइक पर जा रहा था और उस पर धारदार हथियारों से हमला किया। पीड़ित की हथेली कटी हुई थी और उसके पूरे शरीर पर कट के निशान थे। घटना के बाद रायचूर एसपी निखिल ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच में जुट गई।

मुख्यमंत्री ने चुनावी सभाओं में कमलनाथ पर साधा निशाना, कहा -

## सरकार नहीं चला पाए, आरोप हम पर लगा रहे हैं



**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये वही कमलनाथ और कांग्रेस हैं, जो सवा साल के लिए आए थे और आकर प्रदेश में जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया था। अब कमलनाथ कह रहे हैं कि भाजपा श्रेय लेती है, लेकिन कमलनाथ जी का क्या हुआ... 15 साल में सरकार बनाई वही ठीक से नहीं चलाई, अब हमसे बात करते हैं।

श्री चौहान ने गुरुवार को देवरी, टीकमगढ़. पृथ्वीपुर, महाराजपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अब कमलनाथ मॉडल अब नहीं चलने वाला, ये ओल्ड मॉडल है। उन्होंने कहा कि, कमलनाथ ने सवा साल में वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार और दलालों का अड्डा बना दिया था। मध्यप्रदेश को बर्बाद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### बहन के हाथों खाया सीताफल

मुख्यमंत्री जब देवरी पहुंची तो सभा मंच के पास एक बहन टोकरी में उनके लिए सीताफल लेकर पहुंची। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी लाड़ली बहन का मान रखते हुए उसे सभा के मंच पर बुला लिया और उनके हाथों से सीताफल खाया।

खुरई में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बोले-

## नौजवानों का भविष्य सबसे बड़ी चुनौती



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि खुरई का भविष्य अब आपके हाथ में है और मैं हर मंच से कहता हूं कि आज हमारी सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों का भविष्य है। यहां से युवाओं का पलायन बड़ी संख्या में हो रहा है।

उन्होंने कहा कि नौजवान अपने व्यवसाय के लिए सरकार से थोड़ी सी मदद और अपने हाथों को काम चाहता है, लेकिन सागर और खुरई में उनकी सभी संभावनाओं पर पानी फिर चुका है। कांग्रेस सरकार नौजवानों की सरकार होगी। कमलनाथ आज खुरई में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि खुरई की जिम्मेदारी कमलनाथ की जिम्मेदारी है और खुरई को मैं छिंदवाड़ा का हिस्सा मानूंगा। उन्होंने कहा कि पूरे बुंदेलखंड का झूठा विकास आपके सामने है, 8 हजार करोड़ का बुंदेलखंड पैकेज देने का काम राहुल गाँधी ने किया था, अगर भाजपा की 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार नहीं होती तो इसका पूरा लाभ बुंदेलखंड को मिलता। कमलनाथ ने कहा कि आज नौजवान अपने रोजगार के लिए भटक रहे हैं। अगर इन नौजवानों का भविष्य ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राहुल ने तेलंगाना में किया चुनाव प्रचार, कहा-

## केसीआर ने जनता का पैसा चुराया



**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी तेलंगाना में चुनावी दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने अम्बाटपल्ली में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री केसीआर ने जनता का जितना पैसा चोरी किया है, कांग्रेस सबको उतना पैसा लौटाएगी।

राहुल ने कहा कि कालेश्वरम प्रोजेक्ट केसीआर का एटीएम है। इस एटीएम को चलाने के लिए तेलंगाना के सभी परिवारों को 2040 तक हर साल 31 हजार 500 रुपए देने होंगे। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनी तो महिलाओं के बैंक अकाउंट में हर महीने 2500 रुपए भेजा जाएगा। 1000 रुपए का सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि बसों में महिलाओं फ्री में सफर कर सकेंगी। उनके ट्रैवल का 500 से 1000 रुपए बचेगा। इस तरह महिलाओं को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ में बोले प्रधानमंत्री मोदी

### भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी



**कांकेर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा हैं कि चोर लुटेरों के भ्रष्टाचार को रोकने और उन पर कार्रवाई के लिए लोगो ने उन्हे सत्ता में बिठाया है,और यह काम वह पूरी ताकत से कर रहे है। कोई कुछ भी कर ले, लेकिन वह यह काम कतई रोकने वाले नही है। मोदी ने एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ हो या कोई राज्य,कहीं भी जिसने लोगो को लूटा है,उनको सब कुछ लौटाना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कांग्रेस की गुटबाजी पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कसा तंज, छिंदवाड़ा में बोले-

## राहुल गांधी कांग्रेस में कब मोहब्बत पैदा करेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से सवाल पूछा है कि राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, लेकिन वे कांग्रेस में मोहब्बत कब पैदा करेंगे। कांग्रेस में कुर्ता फाड़ बयान जारी हो रहे हैं। कांग्रेस में मोहब्बत नहीं बिखराव है।

वह आज छिंदवाड़ा में पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पर आक्रामक नजर आए। श्री प्रसाद ने कहा कि बिहार अक्सर राजनीति को नये-नये शब्द देने के लिए मशहूर है, लेकिन इस बार बिहार को पीछे छोड़कर मध्यप्रदेश ने राजनीति को एक नया शब्द दिया है 'कुर्ता फाड़' राजनीति। उन्होंने कहा कि दो बड़े नेता, जिनमें से एक मुख्यमंत्री पद का दावेदार है और दूसरा पूर्व मुख्यमंत्री है। इनमें से मुख्यमंत्री पद के दावेदार पूर्व मुख्यमंत्री के लिए कहते हैं कि इसके कपड़े फाड़ो। श्री प्रसाद ने कहा कि इससे पता चलता है कि कांग्रेस में अंदर खाने सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ये कांग्रेस के नेताओं के राजनीतिक स्वार्थ का टकराव है। श्री प्रसाद ने यह आरोप भी लगाया कि कमलनाथ और नकुलनाथ राहुल गांधी को कुछ नहीं मानते। उन्होंने विपक्षियों के अलायंस पर ने कहा कि यह एलायंस अवसरवादी लोगों का गठबंधन है, जो बनने से पहले ही बिखर गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मध्यप्रदेश से बहुत स्नेह रखते हैं। इसी कारण प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी अभी तक 38 दौरे कर चुके हैं।

कांग्रेस का महाजनसंपर्क अभियान, 15 दिन में होंगी 17 बड़ी रैलियां

## खड़गे, राहुल, प्रियंका सहित कई दिग्गज होंगे शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रदेश में महाजनसंपर्क अभियान शुरू करेगी। इस अभियान में पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे और मतदाताओं के बीच भाजपा सरकार की नाकामियों के साथ ही कांग्रेस की ओर से दी गई गारंटियां और वचन पत्र में दिए गए वचनों को लोगों के लिए ले जाया जाएगा। अगले 15 दिन में पार्टी राज्य में 17 बड़ी रैलियां करेगी।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और आईटी विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने आज पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी 150 से ऊपर की सीटों के लक्ष्य को लेकर चल रही है और इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### डेढ़ सौ से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य

मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा राजय में 17 रैलियां करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ 70 रैली, दिग्विजय सिंह 60, पार्टी प्रभारी रणदीप सुरजेवाला 30 रैलियां करेंगे। पार्टी के प्रदेश के अन्य नेता भी सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क करेंगे। श्रीमती श्रीनेत ने बताया कि 4 नवंबर को श्री खड़गे की कटंगी और शहपुरा में, पांच नवंबर को प्रियंका गांधी वाड्रा की कुक्षी और इंदौर-5 में, सात नवंबर को श्री खड़गे की उज्जैन और ग्वालियर पूर्व में, आठ नवंबर को श्रीमती वाड्रा की सांवेर और खातेगांव में और नौ नवंबर को श्रीमती वाड्रा की रीवा में रैली होगी। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी 9 नवंबर को नई सराय अशोकनगर, चंदेरी और जबलपुर पूर्व में रैली होगी। इसी दिन वे जबलपुर पश्चिम में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## महुआ ने आचार समिति की बैठक से किया बहिर्गमन

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा गुरुवार को लोकसभा की आचार समिति के सामने पेश हुई। उन्होंने तकरीबन डेढ़ घंटे तक समिति के सामने अपना पक्ष रखा। इस दौरान उनसे कई तरह के सवाल पूछे गए। पूछताछ के बाद बाहर निकली महुआ आचार समिति के सवालों को लेकर बेहद नाराज दिखी और आरोप लगाया कि उनकी निजी जिंदगी को मुद्दा बनाया जा रहा है। आचार समिति के सदस्य उनसे गंदे सवाल पूछ रहे थे। कुछ ऐंसे सवाल पूछे गए,जिनके बारे में बताया नहीं जा सकता है। जबकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वकील जय अनंत देहाद्राही के बारे में कहाकि उनके आरोप दुश्मनी से प्रेरित हैं,क्योंकि उन्होंने उनके साथ अपने व्यक्तिगत संबंध तोड दिए थे।

- समिति पर गंदे सवाल पूछने का आरोप लगाया
- सदस्य पूछ रहे थे, रात में किस से बात करती हों

### पैसा लेकर सवाल पूछने के आरोपों का खंडन किया

पैसा लेकर सवाल पूछने के आरोपों का उन्होंने खंडन किया। हालांकि यह माना कि उन्होंने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को अपना संसदीय लॉगिन साझा किया था। कांग्रेस सांसद व आचार समिति के सदस्य उत्तम कुमार रेड्डी ने कहाकि उन्हें आचार समिति के अध्यक्ष द्वारा महुआ मोइत्रा से पूछे गए सवाल अशोभनीय व अनैतिक लगे। आचार समिति के एक अन्य सदस्य बसपा सांसद दानिश अली ने कहाकि समिति के सदस्य महुआ से पूछ रहे थे कि रात में किस से बात करती हों। जिसके चलते उन्होंने समिति की पूछताछ का बहिष्कार किया और बाहर निकल गए। पूरे मामले की शुरुआत भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के आरोपों से हुई।

पुरानी पेंशन को लेकर दिल्ली में जुटे कर्मचारी

## रामलीला मैदान में तीसरी रैली आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में सरकारी कर्मियों की दो रैलियां हो चुकी हैं। अब 3 नवंबर को तीसरी बड़ी रैली होने जा रही है।

इस रैली में सात सूत्री एजेंडे पर हुंकार भरी जाएगी, जिसमें पहले नंबर पर एनपीएस की समाप्ति और ओपीएस की बहाली है। इसके बाद केंद्र सरकार में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के जरिए भरना, निजीकरण पर रोक, आठवें वेतन आयोग का गठन और कोरोनाकाल में रोके गए 18 महीने के डीए का एरियर जारी करना, ये बातें भी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में शामिल हैं। यह रैली कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले होगी। इसमें ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन सहित करीब 50 कर्मी संगठन हिस्सा लेंगे। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर पिछले साल से ही चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किए जा रहे हैं। दिसंबर 2022 को दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में कर्मियों के ज्वाइंट नेशनल कन्वेंशन के घोषणा पत्र के मुताबिक, कर्मचारियों की मुहिम आगे बढ़ाई जा रही है। राज्यों में भी कर्मियों की मांगों के लिए सम्मेलन/सेमीनार और प्रदर्शन आयोजित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

## चुनाव आयोग से सभी पार्टियों के चंदे का ब्यौरा मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लगातार तीन दिनों तक सुनवाई के बाद चुनावी बॉन्ड योजना को दी गई चुनौतियों पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। हालांकि, अदालत ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को 30 सितंबर तक चुनावी बॉन्ड के माध्यम से सभी राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त फंड की डिटेल दो सप्ताह के भीतर जमा करने का निर्देश दिया है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली एक संविधान पीठ ने केंद्र और योजना को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनीं। केंद्र द्वारा अपनी दलीलें पूरी करने के बाद पीठ ने ईसीआई से आज तक चुनावी बॉन्ड से प्राप्त फंडिंग का डेटा कोर्ट में जमा करने को कहा है। हालांकि, ईसीआई की ओर से पेश अधिवक्ता अमित शर्मा ने बेंच को बताया कि उनके पास आवश्यक डेटा नहीं है।

- 2 सप्ताह के भीतर जानकारी देने को कहा
- लगातार 3 दिनों तक चली सुनवाई
- केंद्र व याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनी

### डेटा नहीं रखने पर आयोग पर नाराजगी जताई

पीठ ने अप्रैल 2019 में पारित एक अंतरिम आदेश के बावजूद आवश्यक डेटा बनाए नहीं रखने के लिए ईसीआई के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की, जिसमें आयोग को गुरुवार तक प्राप्त चुनावी बॉन्ड के डेटा को बनाए रखने का निर्देश दिया गया था। अधिवक्ता अमित शर्मा ने पीठ को बताया कि ईसीआई ने सोचा कि अप्रैल 2019 का आदेश केवल 2019 के लोकसभा चुनावों के संबंध में जारी चुनावी बॉन्ड तक ही सीमित था। हालांकि, पीठ ने इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और कहा कि आदेश के अनुसार डेटा लगातार एकत्र किया जाना था और कहा कि ईसीआई को स्पष्टीकरण मांगना चाहिए था।

अप्रैल 2019 के अंतरिम आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने ईसीआई को निर्देश दिया था कि सभी राजनीतिक दल जिन्होंने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से दान प्राप्त किया है, उन्हें बैंक विवरण के साथ दाताओं और प्रत्येक बॉन्ड के खिलाफ प्राप्त राशि का विस्तृत विवरण एक सीलबंद कवर में चुनाव पैनल को पेश करना चाहिए। इसे लेकर चार याचिकाएं दाखिल की गई हैं। याचिकाकर्ताओं में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स कांग्रेस नेता जया ठाकुर और सीपीएम शामिल है। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से पैरवी की।

### भीमा कोरेगांव केस में शोमा सेन की जमानत पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भीमा कोरेगांव मामले में आरोपी प्रोफेसर शोमा के. सेन द्वारा दायर अंतरिम जमानत याचिका की सुनवाई 24 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने मामले में एनआईए का प्रतिनिधित्व करने वाले अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू की गैरमौजूदगी के कारण याचिका पर सुनवाई टाल दी।

## सार समाचार

### स्कूल के पास जुआ खेल रहे आधा दर्जन से अधिक जुआरी दबोचे

**गुना, देशबन्धु।** कुंभराज थानांतर्गत ग्राम तुलसीखेड़ी में सरकारी स्कूल के पास पुलिस ने जुआ खेलते हुए सात जुआरियों को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग सरकारी स्कूल के पास में जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो यहां सात लोग गोल घेरा बना कर ताश खेल रहे थे। जिन्हें पुलिस ने धेराबंदी कर धरदबोचा। जिसमें वीरेन्द्र पुत्र रघुवीर सिंह शिवहरे, गोपाल पुत्र धूरेलाल मीना, रमन पुत्र रमेश मीना, रामवरण पुत्र हरि सिंह मीना, अनुरज पुत्र रमेश मीना, रामेश्वर पुत्र लक्ष्मीनारायण मीना, जितेन्द्र पुत्र गप्पूलाल मीना शामिल हैं। जिनके पास से पुलिस ने कुल 2740 रूपये नगदी एवं एक ताश की गड्डी बरामद कर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### घर-घर पहुंच रहे पन्नालाल

**गुना, देशबन्धु।** गुना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक पन्नानलल शाक्य ने अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क करते हुए 17 नवंबर को होने जा रहे चुनाव के लिए भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताकर कमल खिलाने का किया आग्रह। श्री शाक्य ने डोर टू डोर जनसंपर्क कर केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं की चर्चा की। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी पन्नालाल शाक्य ने अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बजरंगगढ़ मंडल में जनसंपर्क के दौरान तिल्ली खेड़ा, चुराई, खुजा, रसूलपुर, रसूलपुर चक, गीत खोह, जैतपुर, छीपाबाड़ी, मल्लनपुर, बीसभूजा कालोनी, बजरंगगढ़ में पहुंचकर सर्व समाज के बीच जनसंपर्क करते हुए भाजपा के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान श्री शाक्य ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनता को झूठ बोलकर सरकार बनाई थी। हमारी भाजपा सरकार की योजनाओं को बंद कर दिया था जैसे ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और गरीब कल्याणकारी योजनाएं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए विकास की मुख्य धारा से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकास का चुनाव है आप मुझे आशीर्वाद प्रदान करें मैं हमेशा आपके बीच रहकर विकास की बात करूंगा और कांग्रेस ने हमेशा वादा खिलाफी की 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस झूठ बोलकर चुनाव के मैदान में आई थी और एक भी युवा किसान का फायदा पूरा नहीं किया और कर्ज माफी के नाम पर किसानों को गुमराह किया गया। भाजपा के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हमेशा जनता के दुख और सुख में शामिल होकर के एक सेतु की तरह खड़े रहे और उन्होंने हर गरीब को अपने गले लगाया। मिडिया प्रभारी श्री जैन ने बताया जन संपर्क के दौरान पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, जिला उपा रविन्द्र सिंह रघुवंशी, रमेश मालवीय, कुलदीप अल्हपुरिया, मंडल अध्यक्ष राज कुमार रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

नोट- समाचार के साथ फोटो केप्शन

### बाजार जाते समय हुई दुर्घटना

# मोटरसाईकिल को आयशर ने मारी टक्कर, चालक की मौके पर ही मौत

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत मूडराखुर्द जखौदा रोड पर एक मोटर सायकिल चालक को आयशर वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाईकिल चालक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम सिंह गत दिवस अपनी मोटर सायकिल से आरोन बाजार करने जा रहे थे। जैसे ही वह मूडरा खुर्द जखौदा रोड पर बरगद के पेड के पास पहुँचे तभी सामने से एक सफेद रंग का आयशर के चालक अजय अहिरवार निवासी मूडरा खुर्द ने तेजी और लापरवाही से चलाकर मोटर सायकल मे टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। जिन्हें तत्काल आरोन अस्पताल ईलाज के लिए ले जाया गया। जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालक पर मामला दर्ज किया है।

इधर जिले के आरोन थानांतर्गत वार्ड 6 में एक तेज रफ्तार मोटर सायकिल ने भैंसों के काफिले में टक्कर मार दी। जिसमें एक पडिया की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ओम प्रकाश बेंदेल ने बताया कि गत शाम वह अपनी 4 भैंसे एवं एक पडिया खेत से घर लेकर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से एक मोटर सायकल क्रमांक एमपी 08-5220 का चालक ने मोटरसाईकिल को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर पडिया को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यू हो गई। घटना के बाद चालक अपनी मोटर सायकल को मौके पर छोडक़र भाग गया। फिलहाल पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चालक पर मामला दर्ज किया है।

वहीं आरोन थानांतर्गत ही बायपास रोड रघुवंशी धर्मशाला के पास से एक ट्रेक्टर ने सामने से आ रही मोटर सायकिल में टक्कर मार दी। जिसमें बाईक चालक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगिरकला निवासी फरियादी मनोज यादव गांव से अपनी मोटर सायकिल से आरोन आ रहा था। जैसे ही वह बायपास रोड पहुँचा तो बनाजी शहरोक वालों के मकान मे से उनका ड्रायवर उनका ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाता लाया और बाईक में टक्कर मार दी। जिसमें मनोज घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर ट्रेक्टर चालक पर मामला दर्ज किया है।

### पुलिस अधीक्षक से पीड़ित महिला ने लगाई गुहार, न्याय दिलाने की मांग

# दबंगों ने लगाई गरीब के घर आग, पुलिस ने नहीं किया मामला दर्ज



**गुना, देशबन्धु।** बजरंगगढ़ थानांतर्गत ग्राम खिरिया करोंद में पुरानी रंजिश पर कुछ लोगों ने एक परिवार के घर में आग लगा दी। जिसमें अनाज, कपड़े सहित गृहस्थी जलकर खाक हो गई। मामले में पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज न कर मात्र आगजनित हादसा का प्रकरण दर्ज किया है। जबकि आरोपी खुलेआम गांव में घूम-घूम को पीड़ित परिवार को धमका दे रहे हैं और बोल रहे हैं कि हमने पूरे घर में आग लगा दी क्यों बिगाड़ लिया हमारा। इस संबंध में गुरुवार को पीड़ित महिला अपने बच्चों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। यहां एसपी को आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

इस बारे में पीड़िता अखिलेशबाई पत्नी कल्ला ने बताया कि गत दिवस सुबह पुरानी रंजिश पर गांव के ही राजू, विनोद एवं रवि पुत्रगण प्रसादीलाल ने उनके घर में आग लगा दी। जिसमें उनका घर का अनाज, कपड़े, हाल ही में कटी मक्का की उपज जलकर खाक हो गई। इस मामले में पीड़िता बजरंगगढ़ थाने पहुंची। लेकिन यहां पुलिस ने आरोपियों की नामजद रिपोर्ट दर्ज नहीं की। मात्र एक आगजनित हादस पंजीकरण दर्ज कर आवेदिका को भगा दिया। गुरुवार को एसपी ऑफिस पहुंची पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने पुरानी रंजिश पर बदले की भावना से उनके घर में आग लगाई। आरोपी स्वयं पूरे गांव में कहते हुए घूम रहे हैं कि हमने तेरे घर में आग लगाई है तूने हमारा क्या बिगाड़ लिया। अभी तो आग लगाई है अब तेरे पति को मारेंगे। पीड़ित महिला के अनुसार आरोपीगण खुलेआम गांव में लाठी-डंडा, फर्से लेकर उन्हें धमकाते हुए घूम रहे हैं। महिला ने एसपी से आरोपियों पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की है।

# पीजी कॉलेज में युवा उत्सव का समापन, कई विद्याओं में छात्रों ने दिखाया हुनर



**गुना, देशबन्धु।** स्थानीय पीजी कॉलेज गुना में युवा उत्सव के अंतिम दिवस भी कई विद्याओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सभी कार्यक्रम का शुभारंभ प्रश्न मंच मौखिक से किया गया तथा पोस्टर निर्माण प्लास्टिक हटाओ विश्व बचाओ पर विश्व में फैले प्लास्टिक के कचरे को मिटाने की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। इसके बाद एकांकी स्किट (हास्य नाटिका ) आदि मतदाता जागरूकता के ऊपर स्वामी विवेकानंद कला समूह के द्वारा सियासी सियासी खेला शीर्षक पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी एवम प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकांकी में प्रथम स्थान रानी ओझा एंड ग्रुप, पोस्टर निर्माण में प्रथम यशिका कुशहवाह, मिमिक्री में प्रथम दामिनी बालके माइम में प्रथम शिवानी एंड ग्रुप रंगोली में प्रथम साक्षी नामदेव, दामिनी बालके, क्ले मॉडलिंग हरिओम रघुवंशी, समूह गायन में मनमोहन मीना, कोलाज में दिव्यांश बक्षी आदि अन्य विधाओं में भी कई विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विधाओं के प्रथम प्रतिभागी जिला स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। जिले के बाद विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। प्राचार्य डॉ बीके तिवारी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों ने इस युवा उत्सव की इस परंपरा को बनाए रखा सभी ने बड़ चढ़ कर सभी ने प्रतिभागिता की जिन विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की निश्चय ही उनके व्यक्तित्व में विकास हुआ होगा अब वे हर कार्यक्रम में इसी प्रकार से भागीदारी करते रहे। कार्यक्रम की संयोजक सोनू जैन ने सभी विद्यार्थियों प्राध्यापकों सहयोगी एवम प्राचार्य महोदय का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया । एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवकों ने तीन दिवसीय युवा उत्सव में अपनी सेवाएं दी ,प्राचार्य महोदय का बहुत बहुत आभार एनएसएस स्वयं सेवकों को सेवा देने का मौका मिला।

**नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन :** इस अवसर पर महाविद्यालय में स्वीप योजना अंतर्गत आयुक्त उच्च शिक्षा एवं आयुक्त ग्वालियर संभाग के आदेशों के पालनार्थ महाविद्यालय प्राचार्य बी के तिवारी के संरक्षण में महाविद्यालय मतदाता जागरूकता अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला तथा उनके सहयोगी मेंटर श्री मति सोनू जैन, संजीव कुमार कुशवाह, विकास कुमार जैन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हर्षिता सिंह एंड ग्रुप में रानी ओझा, मोनिका कुशवाह, साक्षी नामदेव, तेजल विश्वास, उमा ने एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। जिसमे उन्होंने बताया कि कैसे बिना लोभ और प्रलोभन के मतदान करना है।

उक्त कार्यक्रम में जिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम समन्वयक पुरुषोत्तम गौतम के साथ साथ महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक तथा छात्र छात्राएं और इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को मतदान के लिए अनिल कुमार शुक्ला द्वारा सपथ दिलाई गई।

### स्वीप गतिविधियों के तहत कस्तूरबा कॉलेज में छात्राओं से कराया एप डाउनलोड

**गुना, देशबन्धु।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में स्वीप गतिविधि अंतर्गत महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. विनीता जैन के निर्देशन पर स्वीप प्लान नोडल अधिकारी डॉ. पूनम पारीक के संयोजन में समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को मार्गर्शन प्रदान करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्राचार्य द्वारा समस्त शैक्षणिक स्टाफ को निर्देशित किया गया कि वह महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को डाउनलोड करवाएँ। साथ ही उस एप के महत्व को प्राचार्य द्वारा सभी को समझाया गया।

### खेत में पाईप लाईन डालने को लेकर भिड़े 2 पक्ष, क्रॉस मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत ग्राम तिंदारी में खेत में पाईप लाईन डालने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में दोनों पक्षों से लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी कैलाश बंजारा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम उसके चक वाले खेत मे पानी चल रहा था। उसकी पाईप लाईन रामस्वरुप बंजारा के खेत होकर निकली है। जिस प रामस्वरु बंजारा आया और मुझसे बोला कि मेरे खेत में से पाईप की लाईन क्यों डाली ।जिस पर उसने कहा कि हर कोई डाल लेता है। इसी बात पर रामस्वरूप ने गाली गलौंच कर लेजम काट दी। जिस फयिादी ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। इधर दूसरे पक्ष के रामस्वरुप बंजारा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने कोला वाले खेत पर था। उसके खेत में से कैलाश उर्फ किल्लू बंजारा ने अपनी पाईप लाईन डाल रखी है। पाईप डालते समय उसने मेरे पाईप हटाकर दो तीन पाईप तोड दिए और नुकसान कर दिया। जब रामस्वरूप ने कैलाश से इसकी शिकायत की तो उसने उल्टे गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# भाजपा प्रत्याशी राय ने किया ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क



**सीहोर, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी विधायक सुदेश राय ने सीहोर विधानसभा के शीलपुरी, अवंतिपुरा, भरतपुर, बिजोरा, रोला, मानपुरा, जानपुर बावडिया, जाखाखेड़ी, राजूखेड़ी, सेमलीखुर्द, बिजौरी और कौडिया छीतू आदि ग्रामीण अंचलों में जनसंपर्क किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और उनके समर्थक साथ थे।

ग्रामीण क्षेत्र में जनसभा में कार्यकर्ताओं से अपील की कि बूथ के अंतर्गत आने वाले सभी मतदाताओं से संपर्क अवश्य करें। घर-घर जाकर उनसे संवाद करें और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। हम कांग्रेस की तरह झूठे वादे नहीं करते, जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। मैं गर्व से कहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र में विकास किया है और निरंतर करती रहेगी। उन्होंने कहाकि क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। मैं इस क्षेत्र का विधायक नहीं आपका प्रधान सेवक हूं।

जनसंपर्क के दौरान श्री राय ने कहा कि क्षेत्र में जो काम अधूरे पड़े हैं। पिछले 10 सालों में जो काम नहीं हो पाए वो काम पूरे कराना प्राथमिकता है। सबसे पहली प्राथमिकता अंत्योदय है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। गुरुवार को भी अपने जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़े के साथ भाजपा प्रत्याशी श्री राय का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक श्री राय को ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान आशीर्वाद और स्नेह मिला।

# एकाधिकार के खिलाफ लड़ाई में जनता हमारे साथ : शशांक



**सीहोर, देशबन्धु।** यह चुनाव अमीर और गरीब के बीच का चुनाव है। एक तरफ आम जनता है तो दूसरी और पूंजीवादी ताकतें हैं जो ऐन केन प्रकरण सत्ता पर काबिज होना चाहती है। बीते दस सालों से यहां पर एक ही परिवार का एकाधिकार बढता जा रहा है। आमजन मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से त्रस्त है लेकिन भाजपा के जनप्रतिनिधियों की सम्पत्तियां बढ रही हैं। लोग आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। यह बात गुरूवार को जनसंपर्क के दौरान सीहोर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने लोगों से कही। नगर में जनसंपर्क के दौरान सक्सेना लोगों से सीधे संवाद कर रहे हैं और भाजपा सरकार की खामियों को जनता के सामने रख रहे हैं। केन्द्र, प्रदेश और निकायों में भाजपा सरकार होने के बाद भी सीहोर विधानसभ में कभी विकास कार्य नहीं हुए। मेडिकल कालेज बुधनी में बनाया जा रहा है जबकि यह सीहोर मुख्यालय पर बनना था। भाजपा के नेता झूठ बोलना जानते हैं झूठे वादे करना जानते हैं। उन्होंने कहा कि रेल इंजन कारखाने का भूमिपूजन दस साल पहले सीएम शिवराज सिंह चौहान ने किया था आज तक नहीं बना। उन्होंने कस्बा क्षेत्र के वार्ड 29,30,34,35 में डोर टू डोर जनसंपर्क किया।

कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि विकास का राग अलापते हैं, स्मार्ट सिटी बनाने की वादे करते हैं हकीकत यह है कि बीते दस वर्षों में सीहोर पिछडता ही जा रहा है।

मुख्यालय पर आज हाल यह हैं कि महत्वपूर्ण ट्रेन नहीं रूकती, लोग मंहगे सफर को मजबूर हैं। पर इन्हें क्या यह पूंजीपती लोग है। इन्हें अपने व्यापार से मतलब। कहा कि जनता अब ऐसे स्वार्थी लोगों को नकार चुकी है। कांग्रेस की सरकार बनने पर ऐसे लोगों को एकाधिकार समाप्त हो जाएगा।

जनता का राज कायम होगा। विभागों में काम करवाने के लिए जनता को भटकना नहीं पडेगा। कमलनाथ एक दूरदृष्टि रखने वाले नेता हैं, उनके नेतृत्व में प्रदेश समृद्ध और खुशहाल होगा।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शिविर आयोजित



**आष्टा, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ के तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस.तोमर नायब तहसीलदार मुकेश सांवले, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, सीएम राइज प्राचार्य सितवत खान के निर्देशन में विकासखंड में स्वीप प्लान मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन शासकीय सीएम राइज विद्यालय में किया गया।

आयोजन में विकासखंड के विभिन्न विद्यालय से शिक्षक, स्काउट/गाइड ने प्रतिभागिता की आयोजन में मुख्य रूप से जिला सचिव स्काउट रमेश चंद्र मेवाड़ा ने रंगोली, पोस्टर, श्लोगन ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगोगित करवाई सुधीर विश्वकर्म और राजेश मेवाडे द्वारा स्काउट गाइड के नियम, प्रतिज्ञा,प्रार्थना,झंडा गीत,ध्वज शिष्टाचार आदि का ज्ञान कराया गया। मतदाता जागरूकता हेतु चित्रकला, रांगोली,चार्ट एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुवा। जिसका संस्था के स्काउट मास्टर मनोज बड़ोदिया, मुकेश सोलंकी, अर्चना श्रीवास्तव, करूणा भार्गव, विष्णु पंवार, अंतेश धारवा, निर्मल बैरागी,अनिल श्रीवास्तव समन्वयक,गजराज सिंह राठौर और उपस्थित टीम ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माडल से आयुष अजनवादिया व पोस्टर में नीलम विश्वकर्मा सिद्दीगंज द्वातीय स्थान पर सीएम राइज से मोनिका मेवाड़ा व पूजा ड्राइंग में कोठरी तृतीय स्थान पर संजना राया कन्या ड्राइंग में नितिन वर्मा खड़ी को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र ,शील्ड का वितरण किया।

### मनोहर ने कांग्रेस के पक्ष में नाम लिया वापस

**आष्टा, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी के लिए और विशेष कर कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान के लिए आज का दिन राहत भरा रहा,आज कांग्रेस से टिकट न मिलने से नाराज़ हुए मनोहर सिंह पंडितया व राजाराम बड़ेभाई ने कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान के पक्ष में अपना फार्म वापस ले लिया है। बता दे की कल्याणपुर निवासी एडवोकेट मनोहर पंडितीय ने कांग्रेस का टिकट न मिलने से नाराज होकर निर्दलीय फॉर्म भरा था। जिससे चुनाव क्षेत्र में यह चर्चा चल रही थी कि अगर पंडितया चुनाव में खड़े रहते हैं तो कांग्रेस का वोट बैंक बंट जाएगा और बीजेपी आसानी से चुनाव जीत जाएगी। किंतु कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान और क्षेत्रीय नेताओं तथा जिला नेतृत्व के मान मनोबल के बाद आखिरकार मनोहर सिंह पंडितया ने अपना निर्दलीय फार्म वापस खींच लिया है। वहीं आम आदमी पार्टी के राजेश सोलंकी ने भी कमल सिंह चौहान के पक्ष में अपना नाम वापस ले लिया है।

इस अवसर पर बलवंत सिंह तोमर, बाल बहादुर सिंह, दशरथ सिंह मुरावर,बापू लाल मालवीय, कैलाश परमार, भेरू सिंह मालवीय, सोहेल मिर्जा आदि नेता शामिल हुए वहीं दूसरी ओर आज कांग्रेस प्रत्याशी के चुनावी दौरे में अनेक कार्यकर्ता चौहान के जनसंपर्क में शामिल रहे

# आकर्षक रंगोली बनाई रैली निकाल छात्राओं ने मतदान के प्रति किया जागरूक



***आष्टा, देशबन्धु।*** *नागरिकों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूकता करने के उद्देश्य से राजश्री कॉलेज एवं शास्त्री उमावि की विद्यार्थियों द्वारा नगरपालिका के सामने स्थित परिसर में आकर्षक एवं मनमोहक मतदान के प्रति जागरूकता से ओतप्रोत रांगोली की विभिन्न कलाकृतियां उकेरी गई। इसी प्रकार सीएम राईज स्कूल एवं टैलेंट इनोवेटिव स्कूल के हौनहार विद्यार्थियों द्वारा नगर के विभिन्न मार्गो से जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालयों की छात्राओं द्वारा बनाई गई मनमोहक एवं आकर्षक मतदाता जागरूकता से ओतप्रोत रांगोली की मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने निरीक्षण कर छात्राओं की सराहना की इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने कहा कि मतदान के दिवस कोई भी अवकाश नही समझे, बल्कि इस दिवस को मतदान का महाकुंभ समझते हुए प्रत्येक नागरिक को इस महाकुंभ में मतदान की डुबकी लगाकर इस दिवस को भव्यता प्रदान करना आवश्यक है। मतदान जागरूकता एक समर्थनीय समाज और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री सक्सेना ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सबको मिलकर व अपने परिजनों, ईष्टमित्रों को मतदान के प्रति जागरूक कर मतदान अवश्य कराना है, मतदान प्रत्येक नागरिक का कर्तत्व्य है जिसका पूरी सजगता से निर्वाहन करना है। मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना की मौजूदगी में उपस्थित सभी नपा कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों तथा विद्यालयों की शिक्षिकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता के नारे लगाकर नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक भी किया। रांगोली एवं रैली के सफल आयोजन में नगरपालिका की सामुदायिक संगठक पार्वती शर्मा, शिवराज अहिरवार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया। इस अवसर पर उपयंत्री पी.के. साहू, लेखापाल अनिरूद्ध नागर, स्थापना प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, सीएमएम महेन्द्र पोसवाल, उपयंत्री आदित्य तलनीकर, मोहम्मद इसरार, नारायणसिंह सोलंकी, आशीष बैरागी, अरूण विश्वकर्मा, कैलाश घेंघट, मदनमोहन शर्मा, सुशील पांचाल, जितेन्द्र बुदासा सहित अन्य लोग मौजूद थे।*

# भोपाल में 97 प्रत्याशी मैदान में

## नरेला में सबसे ज्यादा 23, हुजूर में सिर्फ 6, 37 निर्दलीय भी डटे



**भोपाल, देशबन्धु।** जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए विधायक प्रत्याशियों की स्थिति गुरुवार को स्पष्ट हो गई है । चूंकि नामांकन वापसी के बाद अब कुल 96 प्रत्याशी विधायक की कुर्सी की दौड़ में शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा 23 उम्मीदवार नरेला विधानसभा क्षेत्र से किस्मत आजमा रहे हैं, जबकि सबसे कम 6 प्रत्याशी हुजूर विधानसभा क्षेत्र में हैं। वहीं, 37 निर्दलीय भी डटे हुए हैं।

जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट और एसडीएम कार्यालयों में पार्टी नेताओं का जमघट बना रहा और प्रमुख निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा नाम वापस लिए जाने की चर्चा चलती रही। पांच घंटे चली नामांकन वापसी प्रक्रिया के दौरान कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिए ।इनमें हुजूर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के बागी जितेंद्र डागा ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी नरेश ज्ञानचंदानी के समर्थन में और गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के बागी पक्ष खांबरा ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर के समर्थन में नामांकन पत्र वापस लिया

### डागा ने नामांकन वापस लिया तो छलके नरेश के आंसू

हुजूर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र डागा नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के आधा घंटा पहले ढाई बजे संभागायुक्त कार्यालय तरफ स्थित पीछे के रास्ते से चुपचाप हुजूर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया । लेकिन इसकी भनक हुजूर से कांग्रेस प्रत्याशी नरेश ज्ञानचंदानी तक को नहीं लगी चूंकि वह सामने वाले रास्ते पर उनका इंतजार करते रहे। लेकिन श्री डागा नामांकन पत्र वापस लेने के बाद बाहर आकर जब ज्ञानचंदानी से मिले तो उनकी आंखों में आंसू आ गए । इस पर श्री डागा ने उनके आंसू पोछते हुए आश्वासन दिया कि वह उनके साथ खड़े हुए हैं ।

वहीं गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रदेश सचिव पक्ष खांबरा ने पार्टी से बगावत कर निर्देलीय प्रत्याशी के रुप में नामांकन जमा किया था। लेकिन गुरुवार को उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर भाजपा की सदस्य ली। इसके बाद वह अकेले ही कलेक्ट्रेट स्थित गोविंदपुरा नामांकन कार्यालय में अपना पत्र वापस लेने पहुंचे।

वहीं गुरुवार उत्तर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी राम लखन तिवारी ने भी रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इसी तरह हुजूर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी राहुल मारन और उत्तर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व पार्षद अब्दुल शफीक ने निर्दलीय प्रत्याशी आमिर अकील के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस लिया।

### उत्तर विधानसभा अब चर्चित क्षेत्र

कांग्रेस की कब्जे वाली भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्र अब चर्चित क्षेत्र बन गया है। चूंकि इस क्षेत्र से कांग्रेस ने अपने वर्तमान विधायक आरिफ अकील के बेटे आतिफ अकील को प्रत्याशी बनाया है। लेकिन वहीं, भाजपा ने कांग्रेस के इस अभेद किले को जीतने के लिए भोपाल के पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है।

### बैरसिया में मुकाबला भाजपा -कांग्रेस के बीच

वहीं बैरसिया विधानसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला है। भाजपा ने मौजूदा विधायक विष्णु खत्री को फिर से मौका दिया है, जबकि कांग्रेस ने जयश्री हरिकरण पर दांव लगाया है। हालांकि इनके अलावा यहां से बसपा, नेशनल वर्ल्ड लीडर पार्टी, परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया, आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी भी मैदान में हैं।

## मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने मेगा कार रैली 5 को

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में 5 नवंबर को मेगा कार रैली निकाली जाएगी। इसमें विंटेज के साथ लेम्बोरगिनी, ऑडी, मर्सडीज, बकाती जैसी स्पोर्ट कारें भी शामिल होंगी। रैली के जरिए मतदाताओं को वोटिंग के प्रति जागरूक किया जाएगा। सहायक नोडल अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया, मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला प्रशासन और लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्स 3233 जी-2 द्वारा यह रैली निकाली जाएगी। 5 नवंबर की सुबह 9 बजे लाल परेड ग्राउंड से रैली शुरू होगी। रैली में मतदाता जागरूकता से संबंधित स्लोगन, नारे, बैनर आदि के साथ अच्छा डेकोरेट करके कारों को लाने वालों में से प्रथम तीन लोगों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

**बैरसिया में रैली निकाली गई:** उधर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय बैरसिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गुरुवार को मतदाता जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया गया। रैली में सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। इस प्रकार के नारे आदि लगाकर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा आमजन को जागरूक किया गया। रैली का मार्गदर्शन प्राचार्य डॉ. राजू तिलन्थे ने किया।

# पति से नोक-झोंक के बाद पत्नी ने लगाई फांसी

### टिफिन सेंटर का संचालन करती थी महिला

**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पति से नोक-झोंक के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। परिनजों ने गुरुवार सुबह उसे फंदे पर लटका देखा तो फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार अलका नामदेव पत्नी राकेश नामदेव उम्र 40 वर्ष निवासी पतंजली परिसर बीडीए कॉलोनी गांधी नगर टिफिन सेंटर का संचालन करती थी। उनके पति निजी कॉलेज के छात्रों को टिफिन के वितरण का काम करते हैं। बताया गया है कि राकेश बुधवार की रात का खाना देने गए थे। इसी बीच कुछ टिफिन सही से बंद नहीं होने के कारण खुल गए थे। इस पर उन्होंने घर आकर पत्नी को उसकी लापरवाही बताई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच नोक-झोंक हो गई। इसके बाद राकेश घर से बाहर चले गए और जब वापस लौटे तो पत्नी ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। इसके चलते वे दूसरे कमरे में सो गए। उन्होंने सोचा कि पत्नी गुस्से में है, सुबह तक गुस्सा शांत होगा सब ठीक हो जाएगा। लेकिन सुबह बेटी प्रार्थना ने मां को दरवाजा खोलने के लिए कहा। उसने कई आवाजें दीं तो भी दरवाजा नहीं खोला गया। लिहाजा उसने तत्काल पिता को इसकी जानकारी दी, इस पर राकेश ने भी पत्नी को कई आवाज दी, लेकिन फिर भी दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने बेटों की मदद से दरवाजा तोड़ दिया। अंदर देखा तो पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी दिखी तो उसे फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि कोई पत्र नहीं मिलने से खुदकुशी के सही कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। परिजनों के डिटेल बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

### टिफिन सेंटर शुरू करने का सुझाव भी अलका का था

राकेश ने बताया किघर के आस पास कई कॉलेज हैं। ऐसे में यहां सैकड़ों बाहरी छात्र रहते हैं। इसके चलते टिफिन सेंटर के शुरुआत करने का सुझाव पत्नी ने ही दिया था। बेटी के प्रार्थना के नाम से ही टिफिन सेंटर की शुरुआत की गई थी। लेकिन कभी सोचा नहीं था, पत्नी मामूली नोक-झोंक को इतना दिल पर लेगी। इसके अलावा खुदकुशी करने का कोई और कारण नहीं दिख रहा है।

## पत्नी अलग रहने लगी तो पति ने लगा ली फांसी



**भोपाल, देशबन्धु।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र के अलकापुरी इलाके में रहने एक ऑटो चालक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से पत्र बरामद नहीं होने से खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। लेकिन प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक उसकी पत्नी बीते 6 महीने से अलग रह रही है। इसके चलते वह मानसिक तनाव से जूझ रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोका गार्डन थाना इलाके की अलकापुरी कॉलोनी का रहने वाला रोहित साहू पिता कमलेश साहू उम्र 34 वर्ष पेशे से ऑटो चालक था। पिछले कुछ दिनों से रोहित और उसकी पत्नी डॉली के बीच आए दिन झगड़े होते रहते थे। जिसके चलते कुछ महीनों पहले डॉली उसे छोड़कर किसी अन्य युवक के साथ रह रही थी। रोहित के दो बच्चे नितिन 8 और तनिष्क 6 हैं, जिन्हें पत्नि अपने साथ ले गयी थी। हालांकि अभी दोनों बच्चे अपनी नानी के घर में रह रहे हैं। इसके चलते ही रोहित कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था। बताया गया है बुधवार रात रोहित ने काम से लौटकर अपने आप को कमरे में बंद कर लिया। परिजन ने उसे खाना खाने के लिए बाहर बुलाया लेकिन वह काफी देर तक बाहर नहीं निकला। इसके बाद परिजन दरवाजा तोड़कर कमरे में दाखिल हुए तो रोहित का शव उसके गमछे से बने फंदे के सहारे कमरे के पंखे से झूल रहा था। जब तक परिजन ने शव को फंदे से उतारा तब रोहित की मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी मिलते ही अशोका गार्डन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पहुंचाया। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया।

# जमीन के अंदर और पेड़ पर छुपाकर रखी अवैध शराब जप्त



**भोपाल, देशबन्धु।** आबकारी विभाग ने गुरुवार को 7 जगहों पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पेड़ पर शराब से भरी कुप्पियां लटकी देख अफसर भी हैरान रह गई। वहीं जमीन में भी कुप्पियां गाड़कर रखी गई थी। विभाग ने यहां से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की।

सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा के मार्गदर्शन और आबकारी कंट्रोलर राजेंद्र जैन के नेतृत्व में आबकारी विभाग के अमले ने मुगालिया कोट, सूखी सेवनिया, बालमपुर घाटी, खेरियाई टपरा, प्रेमपुरा, अमोनी और भदभदा में दबिश दी। इन जगहों पर नाले किनारे, झाड़ियों, जमीन के अंदर और पेड़ों पर शराब छुपाकर रखी थी। कुप्पों और ड्रमों से 634 लीटर हाथभट्टी और 6 हजार 55 किलोग्राम लाहन बरामद की गई। इसकी अनुमानित कीमत 7 लाख 20 हजार रुपए है। मामले में ज्योति बाई पति पिंटू निवासी कोट मुगालिया, राजू बाई पति कल्लू निवासी गरमोरा, बानी पति मौर्य सिंह निवासी खेरियाई टपरा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कुल 19 प्रकरण कायम किए गए। श्री रायचुरा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान अवैध मदिरा के विरुद्ध इस तरह की बड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# निजी कंपनी के लेखापाल ने कर्मचारियों के वेतन के साढ़े 8 लाख रुपए हड़पे

**भोपाल, देशबन्धु।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी कंपनी के लेखापाल ने कर्मचारियों को हर माह मिलने वाले वेतन को आइडी, पासवर्ड की मदद से अपने रिश्तेदारों व परिचितों के खातों में जमा कर लिया। इस तरह उसने कंपनी के खाते से करीब साढ़े आठ लाख रुपये हड़प लिए। कंपनी के एचआर मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का प्रकरण दर्ज किया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि साकेत नगर निवासी राहुल सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी एम्स अस्पताल गेट नंबर 4 के पीछे साकेत नगर स्थित श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में एचआर मैनेजर हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि कंपनी में मृत्युंजय जैना नाम का व्यक्ति लेखापाल के पद पर काम करता था। वह कंपनी के होने वाले लेन-देन के अलावा कर्मचारियों के वतन भी हर माह उनके खातों में जमा करता था। इसके लिए उसे आइडी और पासवर्ड दिया गया था। कंपनी के काम करने के दौरान 3 सितंबर से 20 सितंबर 2023 के बीच लेखापाल मृत्युंजय जैना ने कंपनी के खाते से 13 सितंबर से कर्मचारियों को दिया जाने वाला वेतन करीब आठ लाख 46 हजार रुपये कर्मचारियों के खाते में जमा करने के बजाए आइडी पासवर्ड की मदद से अपने रिश्तेदारों व परिचितों के खाते में जमा कर दिए। 20 सितंबर तक जब कर्मचारियों के खाते में वेतन नहीं पहुंचा तो घटना का पता चला। लेकिन तब तक मृत्युंजय जैना अचानक नौकरी छोड़कर जा चुका था। इसके बाद उन्होने बागसेवनिया थाना पहुंच कर मामले की लिखित शिकायत की थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने मृत्युंजय जैना के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का प्रकरण दर्ज किया है। फिलहाल उसकी तलाश की जा रही है।

# स्टुडेंट मैनेजमेंट गेम्स प्रतियोगिता चाणक्य संपन्न




### राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता अप्रैल में होगी

**भोपाल, देशबन्धु।** ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा एलएनसीटी में आयोजित तीन दिवसीय 27 वीं क्षेत्रीय स्टुडेंट मैनेजमेंट गेम्स प्रतियोगिता चाणक्य का अंतिम चरण गुरुवार को किया गया ।

मध्यप्रदेश के विभिन्न कॉलेजों से आई 60 टीम से शुरू हुई इस श्रृंखला में अंतिम चरण में अंतिम दिन 14 अग्रणी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें 3 उत्तीर्ण टीमों को पुरुस्कृत किया गया। ये सभी टीम अप्रैल में होने वाली राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। आज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दौलतराम इंजीनियरिंग कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर सी पी शर्मा अथवा विशेष अतिथि भोपाल मेनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील भार्गव ने प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने छात्रों को विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ खेल की अहम भूमिका के बारे में जानकारी देते हुए निरंतर अभ्यास करने का आह्वाहन किया। वहीं ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन डायरेक्टर सुभाष चंद्र त्यागी अथवा आशु सीकरी ने प्रबंधन संचालक डॉ अरविंद सिंह को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी एवम शील्ड देकर एलएनसीटी समूह को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन अध्या तिवारी ने किया ।इस अवसर पर धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए डॉ अरविंद सिंह ने इस कार्यक्रम से जुड़ी समस्त प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया।

# पंकज की पुस्तक का विमोचन



**भोपाल, देशबन्धु।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय माखनपुरम में वरिष्ठ पत्रकार, कवि एवं लेखक पंकज पाठक की पुस्तक मदनमोहन जोशी की पत्रकारिता का सौंदर्यशास्त्र का विमोचन कुलपति प्रो. के. जी. सुरेश, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव, प्रो. शिवकुमार विवेक एवं जोशी जी की पत्नी श्रीमती आशा जोशी ने किया। इस अवसर पर महेश श्रीवास्तव ने कहा कि श्री जोशी की पत्रकारिता तन से, मन से एवं लेखन से बहुत ही सुंदर थी। उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों से कहा कि पत्रकारिता करने के लिए उन्हें भाषा पर विशेष जोर देना चाहिए । कुलपति प्रो. सुरेश ने पुस्तक के लेखक वरिष्ठ पत्रकार पंकज पाठक को पुस्तक लेखन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के पीढ़ी को इतिहास बोध हो इसलिए हम पुस्तकों का प्रकाशन करते हैं । वहीं पंकज पाठक ने कहा कि यह पुस्तक पत्रकारिता के छात्रों और शोधार्थियों के लिए बहुमूल्य होगी। कार्यक्रम में पद्मश्री विभूषित ध्रुपद गायक उमाकांत गुंदेचा, अंतरराष्ट्रीय ख्याति के पखावज वादक अखिलेश गुंदेचा, प्रख्यात लेखक और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव, अंतरराष्ट्रीय हिंदी सेवी डॉ. जवाहर कर्नावट, पूर्व पुलिस महानिदेशक मैथिलीशरण गुप्त, और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की संगठक रचना दीदी और वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह सहित विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## अंतिम चरण की काउंसलिंग आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के सरकारी और निजी आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग व नेचुरोपैथी कालेजों में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अंतिम चरण की काउंसलिंग शुक्रवार से पंजीयन के साथ शुरू होगी। प्रावीण्य सूची का प्रकाशन सात नवंबर को किया जाएगा और पसंदीदा कालेज के लिए विकल्प (च्वाइस फिलिंग) नौ से 10 नवंबर के बीच दिया जा सकेगा। उम्मीदवार आवंटित कालेजों में 14 नवंबर को दोपहर ढाई बजे से शाम सात बजे तक प्रवेश ले सकेंगे। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डा. राकेश पांडेय ने बताया कि प्रदेश में कुल 55 आयुष कालेज संचालित हो रहे हैं।

# दीपक एडवरटाइजिंग ने 27 वीं वर्षगाँठ पर मनाया उपलब्धियों का जश्न



**इंदौरए देशबन्धु।** सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचना और दशकों से उस पोजीशन पर बने रहना न केवल कड़ी मेहनत बल्कि इनोवेटिव सोच और क्रिएटिव कार्यशैली को भी दर्शाता है। ऐसा ही एक नाम है दीपक एडवरटाइजिंग जो आज 360 डिग्री कम्युनिकेशन सॉल्यूशन प्रोवाइडर के रूप में लोकप्रिय है।

दीपक एडवरटाइजिंग 27 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक जेठा ने कहा कि दीपक एडवरटाइजिंग की हर उपलब्धि टीमवर्क और क्लाइंट्स के भरोसे का सुखद परिणाम है, जिसने लंबे अरसे से हमें अग्रणी बनाए रखा है। पिछले लगभग 3 दशकों से एडवरटाइजिंग के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सेवाओं के लिए दीपक एडवरटाइजिंग को पूरे मध्यभारत में जाना जाता है। एडवरटाइजिंग से शुरू होकर आज कम्पलीट कम्युनिकेशन सॉल्यूशन प्रोवाइडर के रूप में दीपक एडवरटाइजिंग 4 राज्यों और छह शहरों इंदौर, गुड़गांव(दिल्ली), जयपुर, भोपाल, नागपुर और जबलपुर में अपनी सेवाएं दे रही है। इन वर्षों में दीपक एडवरटाइजिंग के खाते में अनेकों अहम उपलब्धियां जुड़ती गयी। 16 बार एजेंसी ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड जीतने के साथ-साथ 181 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड एजेंसी के नाम है। गत वर्ष में दीपक एडवरटाइजिंग ने सम्मिट इंटरनेशनल गोल्ड अवॉर्ड 2023 एवं प्लेटिनम एजेंसी ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड जीता। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुए ह्यद्ब (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के 2 इवेंट्स के इवेंट मैनेजमेंट पार्टनर और मध्य प्रदेश में वंदे भारत एक्सप्रेस लॉन्च इवेंट व क्रेडाई के राष्ट्रीय स्तर के इवेंट के क्रिएटिव पार्टनर के रूप में दीपक एडवरटाइजिंग ने पूरे देश में ख्याति प्राप्त की है।

# नागरिकों में सत्यनिष्ठा होना जरुरी: मांझी

**भोपाल, देशबन्धु।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक कार्यालय भोपाल के अंचल प्रमुख तरसेम सिंह जीरा ने आंचलिक कार्यालय में चल रहे सतर्कता संबंधी कार्यान्वयन की जानकारी दी। श्री जीरा ने बताया कि से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले सतर्कता जागरूकतासप्ताह में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की गई है। इन कार्यक्रमों का प्रमुख उद्देश्य ईमानदारी तथासत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्धता एवं जनभागीदारी है।

इसी कड़ी में आंचलिक कार्यालय में सतर्कता आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गय। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (एसीबी) भोपाल के कार्यालय प्रमुख एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रमोद कुमार मांझी शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में बताया देश को विकसित राष्ट्र बनने के लिए चौतरफा विकास के साथ-साथ उसके नागरिकों में सत्यनिष्ठा का होना अनिवार्य है। इसी आशय को ध्यान मे रखते हुए केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने इस वर्ष भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित करें की थीम रखी है। श्री मांझी ने अपने वक्तव्य में सतर्कता के विभिन्न आयामों एवं पहलुओं को भी सम्मिलित किया।

वहीं तरसेम सिंह जीरा ने अपने उद्बोधन में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्मिकों से अपने कार्यक्षेत्र मे चौकस रहने तथा आसपास किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को न पनपने देने का आव्हान किया। संगोष्ठी




में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया भोपाल के उप-अंचल प्रमुख श्यामसुंदर माथुर, उप-महाप्रबंधक प्रमोद मिश्रा, क्षेत्रीय प्रमुख रामा नाईक, सहायक महाप्रबंधक वेंकटरामन, पंकज कुमार, श्री ढींगरा, श्री कुलकर्णी, श्री श्रीनिवास आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही. आंचलिक सतर्कता अधिकारी संजय कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन की सुचारू व्यवस्थित संचालन विजय बांका ने किया।

**भोपाल विकास प्राधिकरण**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की राजीव गांधी योजना स्थित भूखण्ड क्रं. 08 सी, श्री राजेन्द्र राय आ. श्री रज्जू राय एवं श्रीमती अहिल्या राय पत्नी श्री रज्जू राय के संयुक्त नाम पर आवंटित है, संयुक्त आवंटियों में से श्री राजेन्द्र राय द्वारा पंजीकृत मुख्तारआम श्री रज्जू राय आ. श्री आशा राम को मुख्तारआम नियुक्त किया गया मुख्तारआम एवं श्रीमती अहिल्या राय पत्नी श्री रज्जू राय उक्त भूखण्ड का पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 31.03.2023 को श्री शुभम झवर आ.स्व.श्री एस. के. माहेश्वरी को विक्रय किया गया क्रेता द्वारा आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत विक्रय पत्रों एवं पंजीकृत मुख्तारआम की छायाप्रतियों संलग्न कर उक्त संपत्ति को अपने नाम पर नामांतरण हेतु प्रस्तुत किया गया है। यदि उक्त नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**

देशबन्धु



भोपाल, शुक्रवार 3 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जांच एजेंसियों की साख

दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले के सिलसिले में मिले नोटिस के अनुरूप वैसे तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली कार्यालय में उपस्थित होना था, लेकिन वे यह कहकर नहीं आये कि पहले से ही उनका आज मध्य प्रदेश में राजनीतिक कार्यक्रम तय है जहां विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। वहां उनके उम्मीदवार खड़े हैं। इस चुनावी व्यस्तता के कारण वे अभी ईडी कार्यालय नहीं आ सकेंगे। यह जवाब उन्होंने गुरुवार की सुबह ही ईमेल के जरिये भेजा था। साथ में यह आरोप भी लगाया कि ईडी द्वारा उन्हें भेजा गया समन 'अवैध और राजनीति से प्रेरित' है। यह नोटिस केन्द्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर भेजा गया है ताकि वे विभिन्न राज्यों के चुनाव प्रचार के लिए न जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ईडी को यह नोटिस तत्काल वापस लेना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। साल 2021-22 की दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने कथित अनियमितताओं के चलते रद्द कर दिया था। उनके अनुसार इसमें 338 करोड़ रुपये का मनी लॉन्ड्रिंग का केस बनता है। साथ ही यह मामला केन्द्रीय जांच एजेंसियों को सौंप दिया गया था। 16 अप्रैल को वैसे केजरीवाल सीबीआई के कार्यालय में बैठकर करीब 9 घंटों तक चली पूछताछ के दौरान 56 सवालों के जवाब दे चुके थे और उन्होंने पूरे मामले को बेबुनियाद, मनगढ़ंत और आप को खत्म करने का प्रयास करार दिया था। अब 30 अक्टूबर को उन्हें फिर से समन दिया गया था कि वे गुरुवार को उपस्थित हों। इससे केजरीवाल की गिरफ्तारी तय बतलाई जा रही थी। मुमकिन है कि उन्हें ईडी दूसरा समन जारी करे या गिरफ्तार कर ले। वैसे गुरुवार को केजरीवाल मध्यप्रदेश के सिंगरौली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ एक रोड शो करने के लिये निकल गये थे।

ईडी के इस तरह से अचानक व संक्षिप्त नोटिस पर केजरीवाल को फिर से बुलाये जाने का मकसद उनकी गिरफ्तारी हो सकती है जिसके कारण उनकी पार्टी के नेताओं और अन्य दलों से जुड़े लोगों में प्रतिक्रिया होना भी स्वाभाविक है। यह साफ है कि जिस आम आदमी पार्टी को कभी भाजपा अपने सहयोगी दल के रूप में देख रही थी, अब इसलिये खटकने लगी है क्योंकि वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया का हिस्सा बन गई है। आप सरकार के मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को ही आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश के तहत केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है। इसके लिए वह केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है क्योंकि उसे डर है कि यदि सारे विपक्षी दल एक हो गए तो वह 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। पार्टी की एक अन्य मंत्री आतिशी ने पहले ही भाजपा पर आप नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि हर तरफ से जानकारी मिल रही है कि 2 नवंबर को जब अरविंद केजरीवाल ईडी के सामने पेश होंगे तो ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी।

आगे ईडी और आप क्या करने जा रही है, यह तो फिलहाल पता नहीं परन्तु कई लोगों के अनुसार ईडी के सामने उपस्थित न होकर केजरीवाल अपना पक्ष कमजोर कर रहे हैं। सम्भव है कि तकनीकी रूप से और कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत यह सही भी हो परन्तु यह भी ज़रूरी है कि जहां आवश्यक हो वहां प्रतिरोध भी किया जाना चाहिये। केजरीवाल हों या अन्य विपक्षी नेता, सभी के मामलों में साफ होता जा रहा है कि केन्द्र सरकार अपने पास मौजूद जांच एजेंसियों का उपयोग अपनी मर्जी से तथा राजनैतिक हित साधने के लिये करने में कोई गुरेज़ नहीं करती। सच तो यह है कि जांच एजेंसियों ने भी अपनी रीढ़ की हड्डी को गंवा दिया है। वह पिछले तकरीबन एक दशक से भाजपा के इशारे पर ही नाच रही है। भाजपा के लिये उसके नियम-कानून और हैं तो विपक्षी दलों के लिये कुछ और। देश भर में अनेक ऐसे मामले हुए हैं जिनकी जांच या उन पर फैसला चेहरे व पार्टी देखकर होता है।

केन्द्र के अधीन काम करने वाली ये जांच एजेंसियां भाजपा के लिये अनेक सरकारों को गिराने या बनाने के काम में भी प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से सहयोग करती दिखाई देती हैं। भाजपा विरोधी नेताओं को डराकर उसके खेमे में लाने का काम महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि राज्यों में सारे लोग देख ही चुके हैं। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत अजित पवार का मामला साफ बताता है कि भाजपा के लिये ये एजेंसियां उपकरण के तौर पर कार्य कर रही हैं। देवेन्द्र फडनवीस के मुख्यमंत्री बनाने के लिये जब समर्थन की आवश्यकता थी तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को साथ लेकर रातों-रात अजित पवार के खिलाफ लम्बित मामले हटा दिये गये और उन्हें क्लीन चिट दी गई। जब उद्धव ठाकरे की सरकार गिरानी थी तो पहले शिवसेना को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में तोड़ा गया तथा बाद में फिर से अजित पवार को लाकर उनके व उनकी पत्नी के खिलाफ बचे-खुचे प्रकरण वापस ले लिये गये।

केजरीवाल को आज नहीं तो कल फिर से समन मिलना ही है और उन पर गिरफ्तारी की तलवार अभी भी लटकी हुई है, परन्तु अब गिरफ्तारियों का डर विरोधियों के मन से जा रहा है। अलबत्ता इन एजेंसियों की साख पूर्णत: मिट्टी में मिल चुकी है।

# एप्पल का वह हिस्सा जो कटा हुआ है

एक समय था जब राजा-महाराजा प्रजा का हाल जानने के लिए भेस बदलकर उनके बीच जाया करते थे क्योंकि वे जानना चाहते थे कि उनके ख़िलाफ़ कोई नाराज़गी या उन्माद तो नहीं है। जो काम वे कर रहे हैं उन्हें जनता पसंद कर रही है या हाहाकार मचा है। उत्तर रामायण में तो वर्णन है कि भगवान राम को उनके गुप्तचरों ने ही सूचना दी थी कि प्रजा माता सीता के बारे में अलग सोच रही है। इसके बाद जो हुआ वह आज तक बहस में है कि राम को सीता का त्याग करना चाहिए था या नहीं। अपनी सबसे प्रिय सीता का जिन्हें पहली बार पुष्प वाटिका में देख उन्हें खयाल आया था कि वे इतनी सुन्दर हैं कि सुंदरता भी उनसे ही सुन्दर होती है, फिर भी उन्होंने प्रजा के लिए यह कठोर निर्णय लिया। सीता के वनगमन का हृदय विदारक निर्णय। राम वे राजा थे जो प्रजा की सोच पर खरा उतरने के लिए किसी भी हद तक जा सकते थे। अपने सबसे प्रिय का त्याग भी कर सकते थे। कालांतर में बादशाह अकबर के नाम भी किस्से दर्ज़ हैं कि वे रूप बदल कर जनता के बीच दाखिल हो जाते थे। दरअसल ये उस दौर के तरीके थे जब राजा जनप्रिय बने रहने के लिए निज प्रयास करते थे। एक आज का दौर है जहां निजता हरने का कारोबार जारी है। मीडिया चैनल्स जनता को रोज़ नफरत के मुद्दों की पुड़िया बांट देते हैं और निज़ाम अलग सोच रखने वाले यानी विपक्ष के नेता, पत्रकार, सामजिक कार्यकर्ताओं आदि की जासूसी करा कर अपने लिए सत्ता का रास्ता साफ कर देना चाहता है। कहते हैं कि सरकार चाणक्य से प्रेरित है जिन्होंने गुप्तचरी को राजनीति का हिस्सा ही बना दिया था ताकि विद्रोहियों का काम तमाम किया जा सके।

बीते मंगलवार को विपक्ष के कुछ नेताओं और पत्रकारों ने सरकार से जवाब मांगा कि उनके एप्पल फ़ोन पर कंपनी की तरफ़ से मैसेज आया है कि उनके फ़ोन की सूचनाएं हैक करने की कोशिशें की जा रही हैं और यह 'स्टेट स्पॉंसर्ड अटैक' यानी कि राज्य प्रायोजित हमला हो सकता है। ऐसा कहने के पीछे एप्पल ने वजह दी थी कि यह जासूसी तंत्र बहुत महंगा और ताकतवर है जिसे केवल बड़ी सरकारें और देश ही वहन कर सकते हैं। यह सच है कि एप्पल द्वारा जारी नोटिफिकेशन में किसी सरकार का नाम नहीं लिया गया है, इसलिए भारत सरकार को सीधे-सीधे दोषी ठहराना सही नहीं होगा, लेकिन सवाल उठता है कि विपक्ष के आरोप के बाद सबसे पहली सफाई सरकार की ओर से क्यों आई कि यह कोई गंभीर मसला नहीं है और यह एप्पल का ऑटोमेटेड अर्थात खुद ब खुद जेनरेट हुआ नोटिफिकेशन है। कई बार यूजर किसी नए उपकरण से अपने अकाउंट को खोलते हैं तो गूगल की ओर एक अलर्ट मैसेज का मेल आता है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आपका अकाउंट खोलने की कोशिश की है। आप सावधान हो जाइये। गूगल आपको दोबारा खाता खोलने देने से पहले यह सुनिश्चित करता है कि यह आप ही हैं। सरकार अपनी पहली प्रतिक्रिया में इस जासूसी को इसी दायरे में रखती है। बेशक डेटा सुरक्षा, और निजता को लेकर फ़ोन कंपनियां बहुत संवेदनशील हैं या यही उनके व्यापार की यूएसपी भी है। एप्पल के आई फ़ोन इसी सुविधा के लिए ही जाने जाते हैं। दुनिया भर की सरकारें, नेता, व्यापारी इसी के 'गुनगाहक' हैं ताकि कोई उनकी गुप्त बातचीत या सौदों में



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**फ़ोन जासूसी के बाद ही एप्पल ने अपने सुरक्षा तंत्र को और मज़बूत किया। करीब 150 देशों में ऐसी जासूसी गतिविधियों के लिए वह उपभोक्ताओं को तुरंत नोटिफिकेशन भेजता है। वह निजता के साथ समझौता नहीं करना चाहता लेकिन ऐसा हो रहा है। इससे इंकार की कोई ठोस वजह भी नहीं मिलती। मामले की क्रोनोलॉजी पर गौर करें।**

सेंधमारी न कर सके। एप्पल कंपनी उन्हें यह आश्वासन देती है लेकिन तमाम हैकर्स उसके इस तिलस्म को तोड़ने में जुटे रहते हैं ताकि धंधे की दुनिया में वे आगे आ सकें और किसी का एकाधिकार खत्म हो जाए।

डेटा को सुरक्षित रखने और ग्राहक की निजता की रक्षा करने वाली कंपनियों और हैकर्स के बीच तू डाल-डाल तो मैं पात-पात का संघर्ष चलता रहता है। दो साल पहले भी इज़रायली कंपनी पैगसस के जासूसी तंत्र की पोल खुली थी। 2021 के मानसून सत्र से पहले इस जासूसी का भांडाफोड़ हुआ था। सत्ता पक्ष के चेहरे तब फक्क पड़ गए थे। दुनिया के खोजी पत्रकारों ने एक साथ खुलासा किया था कि इज़रायल की कंपनी का यह ऐसा स्पायवेयर है जो फ़ोन में दाखिल कर दिया जाता है, जिसकी भनक भी यूजर को नहीं लगती और वह बड़े आराम से डेटा ट्रांसफर कर देता है। यह बड़ी फ़ोन कंपनियों के लिए बड़ी चेतावनी थी। खोज में भारत के कई पत्रकार भी शामिल थे। पत्रकारों ने अपने खुलासे में यह भी कहा था कि भारत में करीब तीन सौ व्यक्तियों के फ़ोन में पैगसस का यह जासूसी तंत्र डाला गया था। यूं पैगसस स्पायवेयर 2016 से काम कर रहा है जो पहली बार 2019 में वाट्सऐप और एप्पल की जानकारी में आया। निजता के इस उल्लंघन को तत्काल अदालत में चुनौती दी गई। मामला गंभीर था इसलिए खूब हंगामा मचा। सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए एक कमिटी का गठन किया। 29 फ़ोन उपकरणों को जांचा गया लेकिन जासूसी वायरस होने के पुख्ता प्रमाण नहीं मिल सके। मामला खारिज हो गया लेकिन सर्वोच्च न्यायालय की महत्पूर्ण टिप्पणी आज भी यथावत है कि सरकार ने जांच में सहयोग नहीं किया। अगर किया होता तो आज एक बार फिर चुनाव से ठीक पहले यह स्पायवेयर विपक्षी फ़ोन में घुसकर जासूसी की हिमाकत (बेवकूफ़ी) न करता। यह वही रवैया था जो अब तक कायम है कि चुनावी बॉन्ड में कौन कितना पैसा किस पार्टी को देता है, इसे बताने की सरकार को कोई ज़रूरत नहीं है। अमेरिका के सातवें राष्ट्रपति एंड्रयू जैक्सन का कथन है कि संविधान से मिले नागरिक अधिकारों की हैसियत कभी भी उस बुलबुले से ज़्यादा नहीं होगी जब तक कि उसे एक स्वतन्त्र न्यायपालिका से संरक्षित न किया गया हो।

इस फ़ोन जासूसी के बाद ही एप्पल ने अपने सुरक्षा तंत्र को और मज़बूत किया। करीब 150 देशों में ऐसी जासूसी गतिविधियों के लिए वह उपभोक्ताओं को तुरंत नोटिफिकेशन भेजता है। वह निजता के साथ समझौता नहीं करना चाहता लेकिन ऐसा हो रहा है। इससे इंकार की कोई ठोस वजह भी नहीं मिलती। मामले की क्रोनोलॉजी पर गौर करें तो पहले एक्टिविस्टों, पत्रकारों के कंप्यूटर की हैकिंग, उन पर देशद्रोह के मुकदमे, फिर दो साल पहले पैगसस का प्रोजेक्ट जासूसी और अब एप्पल का नोटिफिकेशन। कहते हैं कि हर सत्ता जासूसी करती है। तब क्या इसे वैध कर दिया जाए? हर नागरिक की निजता छीन ली जाए? निजता का अधिकार हमें संविधान से मिला हुआ सर्वोच्च अधिकार है। अब हमारी सरकारों को इसे छीनना चाहिए या इसकी रक्षा करनी चाहिए? मानव अधिकार कार्यकर्ता फादर स्टैन स्वामी का कम्प्यूटर किसने हैक किया? एक बीमार बुजुर्ग से कौन खौफ खा रहा था? आखिर क्यों वे ज़मानत के इंतज़ार में मौत की नींद सो गए? जो जासूसी इतनी ही उचित है तब कर दीजिये एक और संशोधन! खैर अच्छी बात यह रही कि विपक्ष के प्रमाण देने के बाद सूचना तकनीकी (आईटी) मंत्री ने जांच का आश्वासन देते हुए कहा है कि मामला सीईआरटी (कंप्यूटर इमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम) जो कि कंप्यूटर सुरक्षा और तकनीक से जुड़ी सरकारी संस्था है, उसे सौंप दिया गया है। यह संस्था एप्पल के साथ टीम बनाकर जांच करेगी।

गौरतलब है कि मंगलवार को ही विपक्ष के तमाम नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस से महुआ मोइत्रा, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा को एप्पल से चेतावनी वाला सन्देश मिला था। इससे पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल कह चुके थे कि किसी ने इन नेताओं के साथ मज़ाक किया है; और यूं भी विपक्ष एक ख़राब वक्त से गुज़र रहा है इसलिए उन्हें हर बात में साज़िश नज़र आती है। इस बयान से अलग सरकार इसकी जांच पूरी पारदर्शिता और ज़िम्मेदारी से कराए तो ही जासूसी जैसी अवैध कार्यप्रणाली का सच सामने आ सकता है। ऐसा केवल तभी संभव है जब 'स्टेट स्पॉंसर्ड अटैक' नोटिफिकेशन में भारत सरकार एक पार्टी न हो। वह स्टेट चीन और पाकिस्तान हो। मामला इस ओर ही जाता हुआ लगता यदि भारत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की जांच में सहयोग किया होता। जांच का यह सेब पूरा होना चाहिए, काटा हुआ नहीं। संभव है कि इस बार पारदर्शिता और ईमनदारी से यह जांच हो तभी ही लोकतंत्र की शक्ति बनी रह पाएगी। जिसकी लाठी उसी की ही भैंस भी रही तो फिर सरकार तो रहेगी, लेकिन नैतिकता नहीं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं?)

# भाजपा फिर मंदिर भुनाने की राह चली

संघ-भाजपा के अयोध्या के राम मंदिर को चुनाव में भुनाने के उद्यम का, एक और चक्र शुरू हो गया है। इसी महीने होने जा रहे मध्य प्रदेश के चुनाव अभियान में तो नामजदगी के पर्चे भरे जाने की आखिरी तारीख से पहले ही, राममंदिर की बाकायदा एंट्री हो चुकी थी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में भाजपा ने बड़ी-बड़ी होर्डिंगें लगाकर, न सिर्फ 'भव्य राम मंदिर बनकर हो रहा तैयार' की याद दिलाई है बल्कि इसके श्रेय पर भाजपा के दावे की ओर खुला इशारा करते हुए, उसके साथ 'फिर एक बार भाजपा सरकार' की तुक जोड़ने की भी कोशिश की है। होर्डिंग पर अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर की विशाल तस्वीर के साथ ही, एक ओर प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी सी तस्वीर है और दूसरी ओर, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को बीच में रखते हुए, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत, भाजपा के प्राय: सभी शीर्ष नेताओं को तस्वीर में जगह दी गई है।

कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के लिए धार्मिक अपील का सहारा लिए जाने का मामला होने को रेखांकित करते हुए, चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की है। यह शिकायत खासतौर पर तब की गई, जब इस होर्डिंग का इस्तेमाल इंदौर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की एक चुनाव सभा में किया गया, जो राज्य के शीर्ष भाजपा नेताओं में से एक, कैलाश विजयवर्गीय के पक्ष में प्रचार के लिए आयोजित की गई थी। वैसे यह भी हैरानी की बात नहीं है कि उक्त शिकायत के कई दिन बाद, इन पंक्तियों के लिखे जाने तक, चुनाव आयोग के इस शिकायत पर किसी तरह से हरकत में आने की कोई खबर नहीं आई थी। इस मामले में अपने बचाव की उनकी दलील यही थी कि भाजपा की राम और उनके मंदिर में आस्था है और उनके अपनी इस आस्था का प्रदर्शन करने का विरोध करने वाले, राम और राम मंदिर के विरोधी हैं, उसके बनने का विरोध करते आए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, बीडी शर्मा ने न सिर्फ यह दलील पेश कि हम रामभक्त हैं, राम के मंदिर की तस्वीर क्यों नहीं लगाएंगे, बल्कि उन्होंने खास संघी शैली में विपक्ष के लिए कहा कि दूसरे चाहें तो, बाबर की तस्वीर लगा सकते हैं!



राजेन्द्र शर्मा

**संघ-भाजपा जोड़ी का इस तरह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने जाने-पहचाने हथियार के लिए लपकना, उसके संकट को ही दिखाता है। उनका सबसे बड़ा संकट यह है कि मोदी के चेहरे के साथ, उनका यह सबसे धारदार हथियार भी, बार-बार के इस्तेमाल से और जनमानस के प्रतिरोध की बढ़ती कठोरता के चलते, ज्यादा से ज्यादा भोंथरा होता जा रहा है।**

इससे कोई यह नहीं समझे कि यह कोशिश भाजपा के मध्य प्रदेश के नेताओं तक ही सीमित हो सकती है। इसी क्रम में, मोदी की भाजपा में दो-नंबर के आसन पर सवार माने जाने वाले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में ही उज्जैन में अपनी प्रचार सभा में खुलकर राम मंदिर बनने के श्रेय का दावा किया। शाह ने राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह उन्हें मंदिर के उद्घाटन की तारीख बताने आए हैं। कांग्रेसी व्यंग्य से उनसे कहा करते थे कि 'ये मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे'; अब तारीख बता रहे हैं—22 जनवरी 2024। शाह ने अपने भाषण में बार-बार इसका दावा किया कि उनकी पार्टी के विरोधियों, खासतौर पर कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर को नहीं बनने देने की सभी संभव कोशिशें की थीं। यानी न सिर्फ भाजपा के पक्ष में वोट को, राम मंदिर के लिए वोट बताया जा रहा था बल्कि कांग्रेस या अन्य विपक्षी पार्टियों के लिए वोट को, राम मंदिर के खिलाफ वोट भी बताया जा रहा था।

याद रहे कि इस पूरे सिलसिले की शुरूआत और किसी ने नहीं, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव प्रचार के वर्तमान चक्र की शुरूआत से पहले, चित्रकूट का दौरा किया और इस दौरे के क्रम में इसका विस्तार से बखान किया कि किस तरह, उन्हें 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उपस्थित रहने के लिए निमंत्रित किया गया है और किस तरह इस निमंत्रण से वह धन्य महसूस कर रहे हैं, आदि आदि। यह संघ-भाजपा के लिए इसका स्पष्ट संकेत था कि राम मंदिर की शुभारंभ की तारीख की घोषणा के बहाने से, अयोध्या मंदिर के मुद्दे को भुनाने के एक और चक्र में जुट जाएं। बहुत से टिप्पणीकारों के अनुमान के विपरीत, जिन्हें लग रहा था कि अंतत: राम मंदिर के शुरू होने को नरेंद्र मोदी की भाजपा द्वारा अगले आम चुनाव में ही भुनाने की कोशिश की जाएगी, नरेंद्र मोदी ने चित्रकूट से इसका स्पष्ट संकेत दे दिया कि विधानसभाई चुनाव के मौजूदा चक्र से ही इसे भुनाना शुरू कर दिया जाए। उन्हें लगा होगा कि इसे भुनाना लोकसभा चुनाव के लिए ही उठा रखना, समझदारी नहीं नासमझी का मामला भी साबित हो सकता है। नरेंद्र मोदी वैसे भी, चुनावी-राजनीतिक लड़ाई में, वैध-अवैध कोई भी हथियार, उठा रखने में विश्वास नहीं रखते हैं; फिर विधानसभा चुनावों का वर्तमान चक्र तो वैसे भी उनके ही चेहरे पर लड़े जाने के बावजूद, काफी कठिन दिखाई दे रहा है।

वर्तमान चुनावों में संघ-भाजपा का सांप्रदायिक अपील तथा ध्रुवीकरण का सहारा लेना, न तो राम मंदिर की अपील तक ही सीमित रहने जा रहा है और न ही सिर्फ मध्य प्रदेश तक सीमित रहने जा रहा है। राजस्थान में खुद प्रधानमंत्री मोदी, उदयपुर के कन्हैयालाल टेलर की हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना का सांप्रदायिक संदेशों के लिए इस्तेमाल कर, संघ-भाजपा की कतारों को सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का सहारा लेने के लिए, नामजदगी के पर्चे भरे जाने से पहले से ही प्रेरित कर आए थे। उधर कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खुले खेल के लिए उनकी पार्टी ने, अपने सबसे नंगई से सांप्रदायिक प्रचार करने वाले मुख्यमंत्रियों में से एक, हिमंत विस्वा शर्मा को उतार दिया, जिसने राज्य के इकलौते मुस्लिम मंत्री को नाम लेकर हमले का निशाना बनाया। बेशक, यह सिलसिला चुनाव के इस चक्र में शामिल तीन हिंदीभाषी राज्यों तक भी सीमित नहीं रहा है।

तेलंगाना में भी, हालांकि भाजपा के गुब्बारे की हवा उम्मीदवारों के नामों की घोषणा से पहले ही निकल चुकी थी, भाजपा ने अपने निवर्तमान विधायक, टी राजासिंह का निलंबन खत्म कर, उसे बड़ी तत्परता से चुनाव में उतार दिया है। सांप्रदायिक बदजुबानी और उकसावे भरे भाषणों व हरकतों के लिए ही कुख्यात, पांच साल पहले हुए विधानसभाई चुनाव में जीते अपने इस इकलौते विधायक को, पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी करने के बाद, भाजपा को निलंबित करना पड़ा था। तेलंगाना में भाजपा, ओवैसी की पार्टी एमआईएम के 'जवाब' के ही तौर पर आम तौर पर अपनी प्रासंगिकता साबित करने की ही कोशिश नहीं कर रही है, उसने इसका भी ऐलान किया है कि सत्ता में आते ही वह पहला काम, अन्य पिछड़े वर्ग के हिस्से के तौर पर, राज्य में पिछड़े मुसलमानों को हासिल मामूली आरक्षण खत्म करने का ही करेगी!

इसी बीच संघ-भाजपा की सांप्रदायिक सेनाएं, आतंकवाद विरोध की पाखंडपूर्ण मुद्रा के साथ, खून-खराबे भरे इस्राइल-फिलिस्तीनी टकराव का भी, जहां तक संभव हो इस्तेमाल करने में जुट गई हैं। इस्राइल द्वारा गाज़ा में फिलिस्तीनियों के नरसंहार को बढ़-चढ़कर समर्थन देने के जरिए, संघ-भाजपा की पक्की मुस्लिमविरोधी छवि को ही और चमकाने की कोशिश की जा रही है, ताकि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की ओट में आम देशवासियों की बदहाली के सभी वास्तविक सवालों को दबाया जा सके। इसके बाद भी अगर कोई कसर रह गई थी तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरदार पटेल के जयंती के मौके पर किए गए इस ऐलान से पूरी हो जानी चाहिए कि 'तुष्टीकरण ही देश के लिए सबसे बड़ा खतरा है।' विपक्ष को निशाना बनाने के लिए, प्रधानमंत्री किस तरह तुष्टीकरण के रास्ते उसे आतंकवाद तथा राष्ट्रविरोध से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, यह अलग से चर्चा की मांग करता है। बहरहाल, तुष्टीकरण और आतंकवाद को समानार्थी बनाने के जरिए, हमास संबंधी अति-प्रचार की पृष्ठभूमि में किस तरह वह, मुसलमान और आतंकवाद को साथ-साथ रख देते हैं, यह समझना भी मुश्किल नहीं है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में 'तुष्टीकरण' का एक ही अर्थ है—मुस्लिम विरोध! तुष्टीकरण के खतरे का अर्थ है, मुसलमानों का खतरा! यह खेल, अगले कुछ हफ्तों में और नंगई से खेला जाएगा।

बहरहाल, संघ-भाजपा जोड़ी का इस तरह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने जाने-पहचाने हथियार के लिए लपकना, उसके संकट को ही दिखाता है। उनका सबसे बड़ा संकट यह है कि मोदी के चेहरे के साथ, उनका यह सबसे धारदार हथियार भी, बार-बार के इस्तेमाल से और जनमानस के प्रतिरोध की बढ़ती कठोरता के चलते, ज्यादा से ज्यादा भोंथरा होता जा रहा है।

(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)

## पावन प्रसंग

# जो देता है सो पाता है

पाने के लिए कुछ छोड़ना पड़ता है और कुछ देने की बात सामने आते ही मन निष्ठुर बन जाता है। मुंह मोड़ लेता है, ऐसे व्यक्ति उपहास्यास्पद बनते हैं और खाली हाथ निराश लौटते हैं। किसान जानता है कि फसल काटने की योजना बनाते समय उसे घर में जमा किया हुआ बीज खर्च कर खेत में डालने की तैयारी करनी चाहिए। जो बीज बोने का खर्च और श्रम सहन न करें, किंतु कोठे भर देने जितनी फसल पाने के मनसूबे बांधता रहे, उसकी इच्छा पूरी होना असंभव है। विद्यार्थी पढ़कर अफसर बन जाते हैं, पर इसके लिए उन्हें 14 वर्ष अनवरत श्रम करके स्नातकोत्तर परीक्षा प्राप्त करनी पड़ती है। फीस और किताब, कापी का खर्च सहन करना पड़ता है। गणेशजी का वरदान पाकर बिना कुछ किए विद्वान और पदाधिकारी बनने के स्वप्न इस जमाने में पूरे हो सकेंगे, ऐसी आशा किसी को भी नहीं करनी चाहिए। पेट साफ होने के उपरांत ही भूख लगती और स्वादिष्ट व्यंजन खाने का अवसर मिलता है। जो मल त्याग नहीं करना चाहता उसे नया भोजन प्राप्त करने की भी आशा नहीं करनी चाहिए। सांस छोड़ने के बाद ही नई प्राणवायु मिलती है जो सांस बंद किए बैठा है, उसके श्वांस-प्रश्वांस कैसे चलेंगे।

यह संसार दर्पण की तरह है, इसमें अपना ही चेहरा हर किसी के चेहरे में झांकता हुआ देख सकते हैं। हम जैसे भी भले-बुरे जो कुछ भी हैं, वैसी ही मुखाकृति दूसरों की भी दिखा देगी। यहां क्रिया की प्रतिक्रिया होती रहती है। कुएं या गुंबज की तरह प्रतिध्वनि सुनने को मिलती रहती है। जैसा भी कुछ हम अपने मुंह से बोलते हैं, उलटकर वैसी ही आवाज सुनते हैं। हमारा चिंतन एवं व्यवहार यदि यह है कि हमें किसी के लिए त्याग न करना पड़े, दूसरे ही सदा हमारी सेवा-सहायता के लिए दौड़े आएं। दूसरे सदा सद्भावना व्यक्त करते रहें और हम अपनी उपेक्षा-वृत्ति पर ही कायम रहें तो समझना चाहिए कि यह मनोरथ कभी पूरा न हो सकेगा। रबड़ की गेंद जिस दिशा में जितने जोर से मारी जाती है, वहां से वह ठीक उलटी दिशा में उतने ही जोर से वापस आती है। देखना यह है कि हम दूसरों के साथ कैसा रवैया अपनाते और कैसा व्यवहार करते हैं? उसकी प्रतिक्रिया और व्यवहार जब दूसरों के साथ टकराते हैं, तो ठीक वैसी ही प्रतिध्वनि प्रतिक्रिया उत्पन्न करता है।

घाटे का सौदा नहीं है। सत्पात्रों के हाथ हमारी सेवा, सद्भावना एवं सहायता पहुंचती तो निश्चित रूप से वह अनेक गुनी होकर वापस लौटती है। उदारतापूर्वक यदि हम अपने को खाली करते रहेंगे तो बदले में ईश्वरीय व्यवस्था हमें उसी अनुपात से भर देगी। खाली तालाब चाहे उथला हो या गहरा वर्षा आते ही लबालब भर जाता है।

युग निर्माण योजना

## आपके पत्र

# झूठे सपने के टूटने का दर्द

समाजसेवी अण्णा हजारे का दर्द भी छलक आया। जिस समयावधि से उन्होंने भ्रष्टाचार के विरूद्ध का ऐलान किया था, उसी राजघाट पर उनके सहयोगी रहे लोगों के पोस्टर चस्पा हो रहे थे। मजबूरन अण्णा ने अरविन्द केजरीवाल की पत्र लिखकर पूछ ही लिया कि आखिर आप में और बाकी सब में अंतर क्या है? अण्णा निस्वार्थ सत्याग्रही हैं। अरविन्द केजरीवाल की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को दूर से समझ पाए। इसके बावजूद उम्मीद थी कि शायद अरविन्द एक ईमानदार राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत करेंगे पर 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' के आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी से उन ईमानदार दानदाताओं को घोर निराशा हुई जिन्होंने एक बड़े उद्देश्य के लिए तन, मन, धन समर्पित किया था। इसलिए उन्होंने ही यह चुनौती पेश कर दी है कि पहले लिए गए दान का ईमानदारी से हिसाब से इस अभियान का पहला स्वर विदेश की धरती से फूटा।

भारत की धरती के बाहर अण्णा-अरविन्द के आंदोलन को संबल प्रदान करने वालों में डॉ. मुनीश रायजादा सबसे अग्रणी थे। उन्होंने न केवल खुद बड़ा आर्थिक सहयोग दिया वरन और लोगों को भी प्रेरित किया था। भारत से बाहर बसे ऐसे भारतवंशी जिसे देश की भ्रष्ट राजनीति से पीड़ा पहुंचती थी, उन्होंने एक नए विकल्प को हाथों हाथ लिया। पहले इंडिया अगेंस्ट करप्शन फिर आम आदमी पार्टी पर जमकर वर्षा की। इसके अगुआ डॉ. रायजादा आजपा के एनआरआई याने अप्रवासी भारतीय सेल के संयोजक बने पर बिहार चुनाव के समय अरविन्द केजरीवाल के लालू प्रसाद यादव के साथ गलबहियां डाले जाने के खिलाफ लेख लिखे जाने के चलते पार्टी से निलंबित चल रहे थे। अमेरिका के रहने वाले इन्हीं बालरोग विशेषज्ञ नादी को यह बात नागवार गुजर रही है कि आम आदमी पार्टी (आप) ने अपनी वेबसाइट से दानदाताओं की सूची दो यह पार्टी के मूल सिद्धांत के बिल्कुल विपरीत है। ईमानदार राजनीति के लिए पूरी तरह से पारदर्शी चंदा प्रणाली की आवश्यक माना गया था। इस तरह आप का स्थायी बन गई, लेकिन अन्ना की उंगली पकड़ कर धरना प्रदर्शन के बाद राजनीति में प्रवेश कर गए केजरीवाल ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। केजरीवाल अब बड़े राजनीतिज्ञ बन गए हैं। लेकिन उनके पदचिन्हों पर चलकर राजनीति में अपना मुकाम जमाने वाले नेताओं की नीति बिगड़ गई और करोड़ों के भ्रष्टाचार कर तिजोरी भरते पकड़े गए और अब जेल की हवा खा रहे हैं। केजरीवाल को भी समन भेजा गया है। हजारे को गुमराह किया गया था।

कांतिलाल मांडोत, सूरत

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### निर्दलीय प्रत्याशी ने लिया फॉर्म वापस

**सिरोंज, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आज मनीष गुप्ता ने वापस ले लिया। इस प्रकार अब 14 प्रत्याशी मैदान में है इनका चुनाव लड़ना तय है।

### कांग्रेस प्रत्याशी पर आचार संहिता की उल्लंघन का मामला दर्ज

**सिरोंज, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी गगनेन्द्र रघुवंशी पर आचार संहिता की उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार धारा 188 के तहत थाना मुगलसराय में यह प्रकरण रिटर्निंग ऑफिसर हषर्ल चौधरी मैं दर्ज कराया है। रिटर्निंग ऑफिसर हर्षल चौधरी ने बताया कि मामला नवरात्रों का है जब गत 22 अक्टूबर को ग्राम सबदलपुर में एक झांकी समारोह के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए मंच से वोट मांगे। बताया जाता है की वीडियो वायरल होने के बाद प्रकरण की जांच कराई गई और जांच के उपरांत थाना मुगलसराय में धारा 188 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता की मौत

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बीती रात चुनाव प्रचार से वापस लौट रहे भाजपा नेता एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरि सिंह रघुवंशी के बहन हुई देवेंद्र सिंह रघुवंशी जोगियाई वालों का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई उनकी कर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई जिससे उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उनकी इस दुर्घटना में मौत हो गई उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास परेड रोड सुधा हॉस्पिटल के सामने से निकल गई और उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम जो भी आई में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नगर की गांठ मान्य नागरिक राजनीतिक दलों की लोग शामिल हुए और उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बिना परमिशन के प्रचार कर रहा बसपा प्रत्याशी का वाहन जप्त

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की जौरा थाना पुलिस ने गुरुवार को बिना परमिशन प्रचार प्रसार कर ध्वनि प्रदूषण कर रहे एक लोडिंग वाहन को जप्त कर मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी अमित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बहुजन समाज पार्टी से जौरा विधानसभा प्रत्याशी सोनेराम कुशवाह का एक लोडिंग प्रचार वाहन बिना किसी अनुमति के क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण कर रहा था। जब वाहन चालक से परमिशन के कागज मांगे गए तो वह कोई कागज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर से पुलिस ने तत्काल वहां को जप्त करते हुए धारा 188 एवं 7/15 के तहत मामला दर्ज किया है।

गैरतगंज में डॉ. प्रभुराम चौधरी के समर्थन में की सभा

# कांग्रेस कहती थी 'बहन तिजोरी खाली है' भाजपा बोलती है बहन तिजोरी तुम्हारी है



**गैरतगंज, देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया लगातार तूफ़ानी दौरे और जनसभा कर रहे है। साँची के ग़ैरतगंज पहुँच उन्होंने भाजपा प्रत्याशी प्रभुराम चौधरी के लिए जनसमर्थन माँगा।आज मंच से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने पिता माधव राव सिंधिया को याद कर भावुक भी हुए और कांग्रेस पर हमला भी किया । केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जनसभा में कहा की 2003 का समय मुझे याद है, यहाँ मेरे सामने बैठे है ये अधिकतर लोग उस समय वोटर नहीं थे, उन्होंने वह भ्रष्टाचार का काल नहीं देखा जब बल्ब में रोशनी नहीं आती थी, गड्ढा कहाँ ख़त्म होता है सड़क कहा शुरू ये फ़र्क़ पता ही नहीं चलता था, वो सड़क का ज़माना नहीं थी सिर्फ़ पगडंडी थी । अस्पताल होते थे पर डॉक्टर नहीं, स्कूल होते थे पर अध्यापक नहीं - ऐसा बुरा हाल था मध्य प्रदेश का 2003 के बाद जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बानी है तब से मध्य प्रदेश का विकास हुआ है। पिछले 18 साल में मख़मालि सड़के बानी है, 2003 में केवल 44000 किलोमीटर की सड़के थी आज 5 लाख किलोमिटर से अधिक सड़क बन चुकी है । 2003 से पहले 2-3 घंटे भी बिजली नहीं आती हैं और आज पूरे प्रदेश के एक गांव नहीं जहां पूरे दिन बिजली ना हो । 2003 से पहले केवल 5 हज़ार मेगावाट बिजली बनती थी आज 25 हज़ार मेगा वाट बिजली बनती है । पहले पूरे राज्य में केवल 7 हज़ार डॉक्टर थे आज 51 हज़ार डॉक्टर है ।

पंद्रह महीने की कांग्रेस सरकार एवं दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पर हमला करते हुए उन्होंने कहा की कांग्रेस की सरकार आई तो बड़े भाई और छोटे भाई ने मिलकर वल्लभ भवन ( मुख्यमंत्री कार्यालय ) को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया । मध्यप्रदेश में उद्योग नहीं लाए और ट्रान्स्फ़र और पोस्टिंग का उद्योग लेकर भ्रष्टाचार का खेल चला। 2018 की बात करते हुए सिंधिया ने कहा की कमलनाथ जी के पास उस समय अपने मंत्रियों से मिलने का समय नहीं था, वह बोलते थे 'चलो, चलो, समय नहीं है' तो वह जनता की क्या सोचते। ये झूठ और लूट की पार्टी है, इस पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता है।

**कांग्रेस कहती थी 'बहन तिजोरी खाली है', भाजपा बोलती है 'बहन तिजोरी तुम्हारी है**

भाजपा की डबल इंजन सरकार की योजनाओं की गिनती करते हुए उन्होंने कहा की, मध्य प्रदेश देश का इकलौता प्रदेश, जहां हर वर्ग के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई - महिलाओं एवं बहनों के लिए लाड़ली बहन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहन योजना, तीर्थ दर्शन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं बनाईं। कभी हमने पैसा ना होने का रोना नहीं रोया, वो कहते थे 'बहन तिजोरी खाली है' हम सदैव कहते है 'बहन तिजोरी तुम्हारी है' .

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कमलनाथ की पंद्रह महीने की सरकार को याद कर कहा कि जब उनकी सरकार आई तो मेरे माताओं बहनों के विभिन्न योजनाओं को बंद कर दिया । मेरी सहरिया, बैगा आदिवासी बहनों के पैसे देने बंद कर दिए । मेरी बेटियों के शादी के पैसे पर रोक लगा दी और तो और किसानों को भी फ़र्ज़ी ताम्रपत्र देकर ठगा । वो योजना बंद व योजनाओं को रोक कर कहते थे की तिजोरी ख़ाली हैं ! और भाजपा वाले कहते है तिजोरी तुम्हारी है ।

## प्रभुराम चौधरी माधव राव सिंधिया के दिल के टुकड़े थे

*केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक क़िस्सा सुनाया कैसे प्रभुराम चौधरी राजनीति में आए । उन्होंने ने बताया उनके पूज्य पिताजी लोगों में राजनीतिक क्षमता नहीं खोजते थे वो हमेशा अच्छे लोगों के खोज में होते थे । और उस खोज में उन्होंने एक डॉक्टर को पाया जो है प्रभुराम चौधरी जी । और प्रभुराम जी का हाथ पकड़ कर राजनीति में लेकर आए।*

### ग़ैरतगंज के विकास कार्यों का किया जिक्र

*उन्होंने गैरतगंज में 4 लेन रोड टेकापार से गैरतपुर तक रु 39 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है जिसमे बीनापुर नदी पर पुल का कार्य भी शामिल है; साथ ही रु 320 करोड़ की लागत से 2 और पुल बनाए जा रहे है। इसके अतिरिक्त कुल 326 किलोमीटर की सड़कों का निर्माण 86 करोड़ की लागत से किया जा रहा है और साथ ही 2 करोड़ रूपए की लागत से परवरिया माता मंदिर के पार टावर नदी पर पुल निर्माण का कार्य चल रहा है, साथ ही कुल रु 5 करोड़ की लागत से 3 और पुलों का निर्माण हो रहा है यह बात जनता को बताई । स्वास्थ्- रायसेन में 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल भवन में उन्नयन कार्य करीब रु 8 करोड़ की लागत से किया जा रहा है और 50 लाख रूपए की लागत से एक पब्लिक हेल्थ यूनिट भी बनाया गया है। रु 18 करोड़ की लागत से 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाए जा रहे है और रु 9 करोड़ की लागत से 4 उप स्वास्थ्य केन्द्र पर भी कार्य चल रहा है। रु 39 करोड़ का शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय भी जल्दी ही बनने वाला है। शिक्षा- 34.20 करोड़ की लागत से सीएम राईस स्कूल का कार्य प्रगतिरत है; मॉडल स्कूल भी 1 करोड़ की राशि से बन कर तैयार हो गया है; साथ ही शासकीय महाविद्यालय गैरतगंज में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण का कार्य रु 3 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। अधोसंरचना- गैरतगंज स्टेडियम निर्माणाधीन लागत राशि 1.63 करोड़ और गैरतगंज आईटीआई को रु 12 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। डेम- रु 34 करोड़ की लागत से डेम बनवाये जा रहे है जिसमे हिनोतिया डेम और खोटी टेकापार डेम शामिल है। कहुला डेम कार्य भी प्रक्रियाधीन है । पानी- जल जीवन मिशन के अंतर्गत रु 930 करोड़ की राशि के साथ के किया जा रहा है। प्रत्येक गांव में टोटी से पानी पहुंचाने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। विद्युत्- रमपुरा में 2 करोड 90 लाख रूपए से विद्युत सब स्टेशन मैं बनवा रहा हूँ और रु करोड़ का रजपुरा विद्युत सब स्टेशन तैयार हो गया है; ग्राम नांद में विद्युत सब स्टेशन निर्माण कार्य प्रगति पर अनुमानित लागत राशि रूपये 298 लाख ।*

# रायसेन जिले के चारों विधानसभाओं में नाम वापसी के बाद 39 अभ्यर्थी मैदान में

▶ सांची विधानसभा में किसी भी अभ्यर्थी ने नहीं लिया नाम वापस

**रायसेन, देशबन्धु।** रायसेन जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए विधानसभा आम निर्वाचन-2023 कार्यक्रम अनुसार 02 नवम्बर को दोपहर 03 बजे तक नाम वापसी के अंतिम दिन विधानसभा क्षेत्र 140-उदयपुरा से दो अभ्यर्थियों द्वारा, 141-भोजपुर से तीन अभ्यर्थियों द्वारा तथा 143-सिलवानी से तीन अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र वापस लिए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र 142-सांची से किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नाम वापस नहीं लिया गया है। नाम निर्देशन वापसी की समयावधि पूर्ण होने के उपरांत अभ्यर्थियों को निर्वाचन चिन्ह आवंटन की कार्यवाही की गई।

नाम निर्देशन वापसी के अंतिम दिवस विधानसभा क्षेत्र-140 उदयपुरा से श्री नरेन्द्र पटेल बाबूजी निवासी ग्राम व पोस्ट गडरवास तह.बाड़ी और राजपाल राजपूत निवासी ग्राम पांजरा काशीराम तह.बरेली द्वारा अपना नाम निर्देशन वापस लिया गया है।

इस प्रकार उदयपुरा विधानसभा में 07 अभ्यर्थी इंडियन नेशनल कॉग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी श्री देवेन्द्र सिंह निवासी गडरवास तह.बाड़ी चुनाव चिन्ह हाथ, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल चुनाव चिन्ह कमल, बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी श्री कढोरी लाल निवासी खरगोन तह.बरेली चुनाव चिन्ह हाथी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अभ्यर्थी श्री बाबूलाल निवासी वार्ड न.-14 बरेली चुनाव चिन्ह केतली, निर्दलीय अभ्यर्थी महेन्द्र कुमार निवासी ग्राम सेवासनी तह.रायसेन चुनाव चिन्ह रोड रोलर, निर्दलीय अभ्यर्थी नरेन्द्र सिंह निवासी तरोनकलां तह.पिपरिया जिला नर्मदापुरम चुनाव चिन्ह हीरा तथा जयप्रकाश जनता दल के अभ्यर्थी विनोद सिंह निवासी ग्राम धौलपुर तह.उदयपुरा चुनाव चिन्ह एयरकंडीशनर चुनाव मैदान में हैं।

## विकास के लिए करें भाजपा को मतदान : उमाकांत



**सिरोंज, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने गुरुवार को जमालपुर छापू सहित आधा दर्जन ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मध्यप्रदेश में पुनः गाँव,गरीब,किसान ओर आमजन की हितैषी भाजपा सरकार को बनाने के लिए ओर क्षेत्र में विकास कार्यो में निरंतरता बनाये रखने के लिए वोट मांगे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने कहा कि लक्ष्मीकांत जी और मैंने सदैव आप सबकी सेवा करने और सिरोंज लटेरी के समग्र विकास की चिंता की है। भाजपा संगठन ने मुझे एक बार फिर आपकी सेवा करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने इस क्षेत्र में गुंडागर्दी कर गरीबो को सताने वालों से लड़ाई लड़ी है में विधायक रहूँ या न रहूँ लेकिन गरीब और सीधे लोगो पर अत्याचार करने वालो का हम मिलकर मुकाबला करते रहेंगे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने शर्मा का स्वागत कर एक सुर में भाजपा को विजय बनाने का संकल्प लिया।

**नगर के वार्डों में चल रहा जनसंपर्क**-इधर नगर में भाजपा के कार्यकर्ता लगातार घर घर जाकर जनसंपर्क कर रहे है। भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं की यह टीम प्रतिदिन वार्डो में पहुँचकर विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा को विजय बनाने की अपील कर रहे है। गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओ ने वार्ड क्रमांक चार,पाँच ओर आठ के बोहरबाड़ी में मतदाताओं के घर घर जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने अपील की। इस दौरान रमेश यादव,हरिबाबू भार्गव,पदम् ताम्रकार,रिंकू यादव,रिंकू सुमन आदि के साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

50 छात्रों के समूह ने किया राजस्थान का शैक्षणिक दौरा

# राजस्थान की संस्कृति से परिचित हुए विक्टर स्कूल के छात्र



**मुरैना, देशबन्धु।** विक्टर कॉन्वेंट स्कूल के 50 छात्रों का एक समूह हाल ही में राजस्थान की यात्रा पर निकला, जिसमें इस राज्य की समृद्ध धरोहर का अवलोकन किया। इस यात्रा में छात्रों को राजस्थान के कुछ प्रमुख स्थल जोधपुर, जैसलमेर और जयपुर का भ्रमण कराया गया। यह यात्रा जोधपुर की दिशा में शुरू हुई, जहां छात्रों ने महान मेहरांगढ़ किला, जसवंत ठाड़ा और उमेद भवन पैलेस का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें वाटर पार्क के आनंद का भी अवसर मिला।

अगले दिन छात्र जैसलमेर गए, जहां उन्होंने एक रोमांचक रेगिस्तानी सफारी पर कदम रखा, ऊँटों पर सवारी की और थार रेगिस्तान के सुंदर दृश्य का आनंद लिया। उन्होंने कुलधरा हॉन्टेड गांव, पटवों की हवेली, जैसलमेर की प्रसिद्ध सोने का किला और गदिसागर झील का भी अवलोकन किया। शाम को उन्होंने स्थानीय कलाकारों द्वारा राजस्थानी खाना, लोक नृत्य, गीत, संगीत और मनोरंजन गतिविधियों का आनंद लिया। यात्रा का समापन जयपुर में हुआ, जहां छात्रों ने सिटी पैलेस, जंतर-मंतर, हवा महल और अलबर्ट हॉल म्यूजियम का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्हें वर्ल्ड ट्रेड शॉपिंग मॉल और पिंक सिटी के विविध स्थानीय बाजारों में शॉपिंग करने का भी अवसर मिला।

# एक दिन में पुलिस ने 132 अपराधियों को जिले से किया बाहर

**मुरैना।** विधानसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी अंकित अस्थाना ने पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के प्रस्ताव पर 164 अपराधियों को एक साथ जिला बदर की कार्रवाही की है। यह कार्रवाही मुरैना जिले के लिये बहुत बड़ी कार्रवाही मानी जा रही है। एक दिन में 132 अपराधियों को जिला बदर किया है। जिन्हें पुलिस के सहयोग से जिले की सीमा से बाहर भी भेजा गया है। इसमें लगातार पुलिस उन अपराधियों पर नजर बनाये हुये है। इन 164 आदतनअपराधियों पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 सहपठित धारा 5, 6 के प्रावधानों के अंतर्गत यह बडी कार्रवाही की गई है। जिन 164 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया है, उनमें जिले के थाना सबलगढ़, जौरा, नगरा, टेंटरा, माता बसैया, थाना सिविल लाइन, बागचीनी, बानमौर, सरायछैाला, सुमावली, निरार, अम्बाह, दिमनी, कोतवाली, पोरसा, सिहोनियां पहाडगढ़ देवगढ़ व कैलारस सहित संपूर्ण जिले के समस्त थानों के आदतन अपराधी शामिल हैं। विदित हो कि इन 164 आदतन अपराधियों कि आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में शान्ति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिला मजिस्ट्रेट अस्थाना ने इन आदतन अपराधियों को आदेशित किया है, कि वह जिला मुरैना एवं उसके निकटवर्ती जिले ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर एवं शिवपुरी की सीमा से 01 वर्ष की अवधि के लिये बाहर चले जाये व बिना पूर्व स्वीकृति के इन जिलों की सीमा में प्रवेश न करें।

# किसानों को सिंचाई के लिए नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** इन दिनों रबी फसल को लेकर पलेवा का सीजन चल रहा है। लेकिन किसानों को ग्रामीण अंचलों में पर्याप्त बिजली न मिलने से खेतों में सिंचाई प्रभावित हो रही है। जिससे किसानों में आक्रोश भड़क रहा है किस संगठ के कार्यकर्ताओं ने डीई कार्यालय में ज्ञापन देकर नारेबाजी करते हुए पर्याप्त बिजली देने की मांग भी की थी। किसान संगठन ने चेतावनी दी थी कि बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उदय पुर भर्री कुल्हार के किसानों को 8 घंटे के तय शेड्यूल के बजाए महज 4 घंटे ही बिजली सप्लाई हो रही है। इससे किसान खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। सिचाई नहीं हो पाने से किसानों के लिए फसल की बोवनी समस्या बनी हुई है। दो इसी क्षेत्र के किसानों ने बिजली कंपनी के डीई आफिस के सामने हंगामा किया था। ग्रामीणों का कहना है कि उनको बिजली सप्लाई शहरवासा सब स्टेशन से की जाती है। एक सप्ताह सुबह व दूसरे सप्ताह शाम को बिजली सप्लाई देने का जो शेड्यूल रखा गया है उसके हिसाब से बिजली नहीं मिल रही है। सब स्टेशन के कर्मचारी सुबह 6 बजे के स्थान पर एक-एक डेढ़ घंटे देरी से सप्लाई प्रारंभ करते हैं। सप्लाई के दौरान कई बार बिजली की आधा से एक घंटे तक सप्लाई बंद रहती है। ऐसे में दिन में चार-पांच घंटे ही सप्लाई मिल पा रही है। किसान खेतों का पलेवा तक नहीं कर पा रहे हैं।

ग्रामीणो ने बताया कि 40वर्ष पुरानी बिजली लाइन में जगह-जगह जोड़ लगा है। जिसमें आए दिन फाल्ट होने के कारण लाइन क्षतिग्रस्त हो रही हैं। फाल्ट के दौरान कई बार दो से तीन घंटे बिजली बंद रहती है। ग्राम भर्री के किसान राजाराम जुगल किशोर ने बताया कि सहरवासा विद्युत सभी स्टेशन काफी दूर हैं। फाल्ट आने पर उसे खोजने में और मरम्मत में काफी समय लगता है। जबकि कुल्हार विद्युत सर्विस स्टेशन दो किलोमीटर दूर है। इस सब स्टेशन से सप्लाई जोड़ने की मांग लंबे समय से करते आ रहे हैं। ग्राम नाहें के किसान माधोसिंह ने बताया कि ग्रामीण कुल्हार सब स्टेशन से सप्लाई जोड़ने की मांग बिजली कंपनी के अधिकारी और विधायक से कर चुके हैं। नाम न बताने के शर्त पर एक लाइनमैन ने बताया जब तक क्षतिग्रस्त सप्लाई लाइन नहीं बदली जाएगी, तब तक समस्या का हल होना संभव नहीं है।

# कलेक्टर ने दिमनी प्रेक्षक के साथ मतगणना कक्षों का किया निरीक्षण



**मुरैना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिये मतों की गिनती 3 दिसम्बर को पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में की जायेगी। पॉलीटेक्निक कॉलेज में सबलगढ़, जौरा, सुमावली, मुरैना, दिमनी और अम्बाह विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती की जाना है। जिन कक्षों का अवलोकन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना, दिमनी के सामान्य प्रेक्षक सत्येन्द्र सिंह दुरसावत, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने किया। अवलोकन के दौरान आवश्यक निर्देश पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री को दिये।

### कलेक्टर ने आदर्श मतदान केन्द्र पर लगाई चौपाल

कलेक्टर अंकित अस्थाना एवं जिला पंचायत के सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने आदर्श मतदान केन्द्र माध्यमिक शाला कक्ष क्रमांक 1 नूरावाद में चौपाल लगाई। चौपाल लगाकर मतदाताओं को संबोधित किया कि सभी को 17 नवम्बर को मतदान करना है और लोगों से मतदान कराना है। कलेक्टर ने मौके पर निकल रही मतदाता जागरूकता रैली का भी अवलोकन किया।

# आपका सगा भाई भी जो नहीं कर सकता, वह मुख्यमंत्री ने किया है : कार्तिकेय



**भेरून्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** बुधनी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा कि लाड़ली बहने 17 नवम्बर को कमल का बटन दबाएंगी तो समझो कि आपके शिवराज भैया के माथे पर तिलक लग जाएगा। वह मुख्यमंत्री श्री चौहान के समर्थन में जनपद पंचायत के ग्राम चकल्दी में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत में मौजूदा ग्रामीणों से आशीर्वाद मांगा। श्री चौहान ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक और मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आपके लिए सब कुछ किया है। बिजली, सड़क, पानी सहित तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का आपको लाभ दिया। उन्होंने लाड़ली बहनों को बुआ कर सम्बोधित करते हुए कहा कि बुआ जो आपका सगा भाई भी नहीं कर सकता वह आपके लिए आपके मुख्यमंत्री भाई ने किया है। हर महीने आपके खाते में बराबर पैसे आ रहे हैं। धनतेरस के दिन भी आपके खाते में पैसे आएंगे यानि धनतेरस के दिन भी लक्ष्मी आ रही है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि आप यह नहीं सोचना कि आपके सामने कोई प्रत्याशी है, बल्कि यह समझना कि आपके सामने आपके भैया है, उनका ध्यान रखना है। शिवराज भैया भी आपका बहुत ध्यान रखते हैं, आपकी बहुत चिंता करते हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा युवा नेता एडवोकेट पुनीत यादव, अर्जुन मुकाती,भाजपा मंडल चकल्दी महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सीमा अर्जुन मुकाती, अपनी महिला मोर्चा टीम एवं ग्रामीण महिलाओं के साथ मुख्य रूप से शामिल रही। कार्यक्रम में चकल्दी के ग्रामीण और मुस्लिम भाई भी विशेष रूप से शामिल हुए।

### भाजपा की सदस्यता

*आज ग्राम चकल्दी में एक दर्जन मुस्लिम भाईयों ने भाजपा की सदस्यता ली। उन्होंने कार्तिकेय सिंह चौहान का पुष्प माला से सम्मान किया। कार्यक्रम को चकल्दी के भाजपा नेता सुरेश माहेश्वरी ने भी सबोधित किया। भाजपा जिलामंत्री जितेन्द्र गोड़ ने भी सबोधित किया। चकल्दी के भाजपा मंडल अध्यक्ष शेषनारायण पवार ने भी सबोधित किया।*

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### खेत में काम कर रहे किसान को सांप ने काटा

**मुलताई, देशबन्धु।** विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सिपावा में एक किसान जो अपने खेत में काम कर रहा था, उसे सांप ने काट लिया। सांप के काटते ही वह घबरा गया और उसने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। उसके बाद परिजन उसे निजी वाहन से लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे जहा उसका डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम सिपावा निवासी प्रहलाद पुत्र जजरी उम्र 45 वर्ष जो की खेत में काम कर रहे थे, उन्हें सांप ने काट लिया। सांप को देखकर वे घबरा गए और तत्काल परिजनों के साथ मुलताई अस्पताल पहुंचे, जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई।

### ताईखेड़ा में छत से गिरकर घायल हुआ युवक

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम ताईखेड़ा में एक व्यक्ति छत पर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम ताईखेड़ा निवासी रंजीत पुत्र सूरत उम्र 36 वर्ष जो की छत पर काम कर रहा था, तभी अचानक से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से गिरकर घायल हो गया। छत से गिरने की वजह से उसे गंभीर रूप से चोट आई। जिसके बाद उसे परिजन निजी वाहन से अस्पताल लाए, जहां पर डॉक्टर द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

12 उम्मीदवार मैदान में, कड़वे ने वापस नहीं लिया फार्म

# कांग्रेस-भाजपा को होगा नुकसान

**मुलताई, देशबन्धु।** विधान सभा चुनाव में मुलताई विधानसभा के लिए 13 अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए थे, जिसमे से गुरुवार नाम वापसी की अंतिम तारीख को मात्र एक अभ्यर्थी देवेश पिता प्रयागराव देशमुख निवासी प्रभातपटटन निर्दलीय ने अपना नाम वापस लिया, जिसके बाद अब मैदान में कुल 12 उम्मीदवार बचे है। गुरुवार दोपहर नाम वापसी के अंतिम दिन 3 बजे के बाद सभी अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया गया। जिसमे कांग्रेस से सुखदेव पांसे को हाथ का पंजा, भाजपा से चंद्रशेखर देशमुख को कमल का फूल, बहुजन समाज पार्टी से इंदल राव खातरकर को हाथी, समाजवादी पार्टी से कृपाल सिंह सिसोदिया को सायकल, बहुजन मुक्ति पार्टी से जनार्दन पाटिल को चारपाई, नेशनल वर्ल्ड लीडर पार्टी से मनीष धोटे को हीरा, पलाश कड़वे (पवार) को कांच का गिलास, रितेश पिता रमेंनलाल कवडे को आरी, रूपाली खाड़े को बल्ला, दिनेश साहू को कैंची, मीना रमेश गवहाड़े बैटरी टार्च एवम चेतन्य पवार को बांसुरी चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए।




**पलाश कड़वे के चुनाव लड़ने से कांग्रेस भाजपा को होगा नुकसान**– नाम वापसी के अंतिम दिन सभी को नजरे पलाश कड़वे पर टिकी रही, क्षेत्र के युवा मतदाता बताते है की पलाश कड़वे युवा चेहरा है, जिनके चुनाव लड़ने से कांग्रेस और भाजपा दोनों ही प्रमुख दलों को भारी नुकसान हो सकता है। युवा बताते है की बीते पंचायत चुनाव में भी उन्होंने रिकार्ड जीत दर्ज की थी, तब भी उनका चुनाव चिन्ह कांच का गिलास ही था, दुनावा क्षेत्र से खबर आ रही है की चुनाव चिन्हों के आवंटन के बाद उनके समर्थको द्वारा फटाखे फोड़े गए।

**रूपाली खाड़े ने 2018 में भी बल्ला चुनाव चिन्ह से निर्दलीय लड़ा था चुनाव**–आम आदमी पार्टी की महिला नेत्री के रूप में जानी जाने वाली क्षेत्र की जुझारू युवा नेत्री रूपाली खाड़े ने 2018 में भी निर्दलीय बल्ला चुनाव चिन्ह लेकर ही चुनाव लड़ा था, हालांकि उस समय वे मुलताई क्षेत्र के लिए नया चेहरा थी, लेकिन विगत 5 वर्षों से वे आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर क्षेत्र में सक्रियता से बनी हुई थी। हालांकि उन्होंने आम आदमी पार्टी से भी नामांकन फार्म जमा किया था, लेकिन पार्टी मध्य प्रदेश में कुछ चुनिंदा सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है जिसके कारण वे निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान फिर से बल्लेबाजी के लिए तैयार है।

**भाजपा से बागी दिनेश साहू और मीना गव्हाडे भी चुनावी मैदान में**– चुनावी मैदान में भारतीय जनता पार्टी से बागी दिनेश साहू और मीणा का भाड़े भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं भाजपा द्वारा चंद्रशेखर देशमुख को अपना उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद से ही मुखर रूप से भोपाल और दिल्ली तक उनका विरोध करने वाली मीणा रमेश गव्हाड़े उनकी भाभी जिला पंचायत सदस्य उम्रीला गव्हाड़े का सहयोग पाकर चुनाव मैदान में है, वहीं दिनेश साहू को क्षेत्र में कहीं भी कोई भी कार्यक्रम हो शामिल दिखाई देते है, सबसे सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जाना पहचाना नाम है, वे सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहते है।

**जिला बनाओ आंदोलन के युवा जेडी पाटिल भी लड़ रहे चुनाव**– मुलतापी को जिला बनाओ आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले जेडी पाटिल ने आंदोलन के दौरान ही घोषणा की थी कि वे आने वाला विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और अब बहुजन मुक्ति पार्टी के चारपाई चुनाव चिन्ह से चुनाव मैदान में उतर चुके हैं।

### युवा इंजीनियर चेतन्य के नाम ने सबको चौकाया

आमतौर पर चुनाव लड़ने वालों में पहले ज्यादातर उम्रदराज लोग ही नजर आते थे, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा युवा उम्मीदवार चुनाव लड़ने के लिए मैदान में है। उन्ही में से मुलताई नगर के युवा इंजीनियर चेतन्य पवार ने नामांकन दाखिल कर सभी को चौका दिया, उनका नाम सुनकर सभी आश्चर्यचरित्र रह गए। उन्होंने भी चुनाव लड़ने के लिए तैयारी पूरी कर ली है और अब मैदान में उतर चुके है।

कांग्रेस के मुख्य चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारम्भ

# पूर्व विधायक स्व. विनोद डागा को कांग्रेस जनों ने किया याद



**बैतूल, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी निलय विनोद डागा के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ आज उत्तम प्लाजा कांतिशीवा चौक बैतूल गंज में किया गया। इस अवसर पर स्व, विनोद डागा जी के प्रिय मित्र समाजसेवी बी आर खंडागरे जी , बी आर गलफट जी सेवानिवृत शिक्षक, एवम ऋषिराम सरले जी विशेष रूप से उपस्तिथ थे जिनके द्वारा कार्यालय का भव्य शुभारम्भ किया गया।

इस दौरान कांग्रेस जनों ने अपने अति प्रिय नेता रहे स्व, विनोद डागा की चिर स्मृतियों को याद कर उनके साथ बिताए पलों ओर अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी निलय विनोद डागा ने कहा कि, 49 सालों में यह पहला चुंनाव है जो मेरे स्व, पिता हमारे साथ नहीं हैं। पिछले चुनाव का संचालन उन्होंने ही किया था। लेकिन अब उनके ना रहते इस चुंनाव का संचालन आप सभी को करना है और आप ही को चुंनाव जीतना है। मैं तो सिर्फ माध्यम हूँ।उन्होंने भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि, भाजपा आज स्तरहीन राजनीति पर उतर आई है। जिसका जवाब देने का समय अब आ गया है। श्री डागा ने मौके पर उपस्तिथी सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कांग्रेस जनों से हाथ जोड़ कर आग्रह किया कि पहले भी आप सभी का सहयोग और प्रेम मुझे मिलता रहा है और हमेशा मिलता रहेगा मेरे हर कदम पर आपके सहयोग के साथ साथ मैं हमेशा सभी का ऋणी रहूंगा। शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष, सुनिल शर्मा, प्रदेश सचिव समीर खान, पूर्व जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सिद्धिक पटेल एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ब्रज भूषण पांडे ने पूरी मजबूती के साथ कांग्रेस को जिताने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद अग्रवाल, धीरू शर्मा, नारायण धोटे, नवल सिंह ठाकुर, सुनील जेधे,शैलेष गुबरेले, लवलेश बब्बा राठौर, जैद खान, राजकुमार दीवान मोनू बड़ोनिया, मिथलेश सिंह राजपूत, हर्षवर्धन धोटे, किशोर डब्बू जैन, प्रशांत राजपूत, गौरव खातरकर, अंकित ठाकुर, विशाल धुर्वे, गुड्डू ठाकुर, विशाल धुर्वे, रोहित सावनेर समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्तिथ थे।

# बैतूल बाजार के 30 युवा भाजपा में शामिल



**बैतूल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति और बैतूल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद-पूर्व विधायक हेमंत खण्डेलवाल की सहजता, सरलता एवं विकास की सोच से क्षेत्र के बहुसंख्यक मतदाताओं के साथ विशेषकर युवा वर्ग खासा प्रभावित नजर आ रहे है। बैतूल विधानसभा के शहरी सहित ग्रामीण इलाको में भाजपा प्रत्याशी को मतदाताओं द्वारा दिए जा रहे आशीर्वाद के साथ ही बड़ी संख्या में युवा भाजपा में शामिल हो रहे है। गत दिनों बैतूल के लगभग एक हजार युवाओं द्वारा भाजपा का दामन थामने के बाद बुधवार को बैतूलबाजार के 30 युवाओं ने भाजपा की रीति एवं भाजपा प्रत्याशी की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया। कस्तुरी बाग मैरिज लॉन सदर में भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय में बैतूलबाजार के युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी श्री खण्डेलवाल, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे सहित भाजपा पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए युवाओं का स्वागत किया। भाजपा में शामिल हुए युवाओं में पार्टी की रीति-नीति पर चलने के साथ ही विधानसभा चुनाव में भाजपा को मजबूत करने, केन्द्र और मध्यप्रदेश शासन की जनहितैषी योजनाओं को आम जनता तक पहुचाने का संकल्प लिया। उक्त जानकारी भाजपा प्रत्याशी के मीडिया सेल से जारी विज्ञप्ति में दी गई।

### युवाओं को मिलेगी नई दिशा- हेमंत खण्डेलवाल

अपने साथियो के साथ भाजपा में शामिल होने रवि राठौर और आदित्य राठौर ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद-पूर्व विधायक हेमंत खण्डेलवाल की विकास के प्रति सोच, युवाओं को रोजगार दिलाने की मंशा और उनकी सहजता, सरलता के साथ ही भारतीय जनता पार्टी की रीतिनीति से प्रभावित होकर वे सभी लोग भाजपा में शामिल हुए है। भाजपा प्रत्याशी श्री खण्डेलवाल ने भाजपा में शामिल हुए युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा की रीतिनीति और भाजपा नेताओं के कुशल मार्गदर्शन में इन युवाओं को नई दिशा मिलेगी। श्री खण्डेलवाल ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने का उनका मिशन है। क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिलने पर वे बैतूल में 10 से अधिक बड़े उद्योग स्थापित करवाएंगे जिससे युवाओं को रोजगार तो मिलेगा ही साथ ही औद्योगिकरण जिले के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### ये युवा हुए भाजपा में शामिल

भाजपा की रीति-नीति और भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने वालो में नवीन राठौर, आदित्य राठौर, भावेश नामदेव, श्रेयांश राठौर, राहुल राठौर, हर्षित राठौर, शुभम सोनी, अक्षत राठौर, ऋषभ राठौर, माहिल राठौर, हर्षित बरेन्दीयां, दीपक कुरेले, प्रतीक बारस्कर, रोहित राठौर, ओम कृणाल पंवार, वेदांत दुनसूआ, विजय प्रकाश शुक्ला, सुजल झरबडे, अभिषेक गायकवाड, अश्विन पंडाग्रे, विजय विश्वकर्मा, राजेश धोटे, प्रकाश श्रीवास, नवीन गोलर, प्रियांश राठौर, रोहित गव्हाड़े, रविन्द्र धुर्वे, देवेश वाडबुदे, साहिल राठौर एवं शिवम पंवार निवासी बैतूलबाजार शामिल है।

# छात्राओं ने सरकारी अस्पताल का किया भ्रमण



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के पीएम श्री स्कूल में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम में अध्यनरत कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने गुरुवार दोपहर में नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचकर अस्पताल काभ्रमण किया और अस्पताल का काम काज देखा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पीएम श्री स्कूल की वोकेशनल ट्रेनर रेवती रघुवंशी एवं काजल हरोडे ने बताया कि उनके स्कूल में हेल्थ केयर और ब्यूटी एंड वैलनेस के दो व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत व्यावहारिक जानकारी के लिए कक्षा 11वीं की 80 छात्राओं को गुरुवार दोपहर में सरकारी अस्पताल के भ्रमण के लिए लाया गया था। जहां पर उन्होंने अस्पताल का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं, व्यवस्था के साथ देखा कि किस तरह से अस्पताल में काम किया जाता है।

उन्होंने अस्पताल में इंजेक्शन रूम, डेंटल क्लिनिक, आई क्लिनिक, ओपीडी, जनरल वार्ड सहित आईसीयू का भ्रमण कर कार्य प्रणाली को जाना।

# भाजपा प्रत्याशी खण्डेलवाल 6 ग्रामों में करेंगे जनसंपर्क



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद-पूर्व विधायक हेमंत खण्डेलवाल शुक्रवार 03 नवम्बर को विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में जनसंपर्क करेंगे। श्री खण्डेलवाल 03 नवम्बर को बडोरा भाजपा मंडल के भोगीतेड़ा, भवानी तेड़ा, मुंदा तेड़ा, भरकावाड़ी, सूरगांव एवं अमदर ग्रामों में प्रात: 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से रूबरू होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध करेंगे। भाजपा प्रत्याशी के मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के मुताबिक हेमंत खण्डेलवाल 03 नवम्बर को प्रात: 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक ग्रामीण क्षेत्रो में सघन जनसंपर्क करेंगे। जनसंपर्क के दौरान श्री खण्डेलवाल क्षेत्रीय भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओ के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क कर मतदाताओं से मिलेंगे और क्षेत्र के चहुँमुखी विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे।

# पांसे को गांव-गांव मिल रहा जनसमर्थन



**मुलताई, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक सुखदेव पांसे क्षेत्र में किये जा रहे जनसंपर्क के दौरान उन्हें भारी जन समर्थन मिल रहा है साथ ही ग्रामीण जन विधायक श्री पांसे द्वारा कराये गये क्षेत्र में विकास कार्यो से एवं उनके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर भारी संख्या में प्रतिदिन कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। इसी तारतम्य में विधायक श्री पांसे के ग्राम जंबाड़ी में जनसंपर्क के दौरान ग्राम जंबाड़ी के राजेन्द्र चौहान, श्री सुनिल बरोदे, तरूण हारोड़े, गुलाब माथनकर, खेमराज निरापुरे, कमलेश अमरूते, रामदयाल अड़भूते, गौरीशंकर बरोदे, सुनिल मायवाड़, जगन इत्यादि लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिनका विधायक पांसे ने फुलमाला से स्वागत कर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। सुखदेव पांसे चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न ग्रामों का दौरा करते हुए ग्राम तिवरखेड़ एवं जंबाड़ी पहुंचे। जहां जन संपर्क दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पांसे का स्वागत सत्कार किया और जीत के प्रति आश्वस्त किया। ग्राम तिवरखेड़ निवासी संदीप साहू ने कहा कि पांसे जी द्वारा लगातार कई वर्षो से ग्राम वासियों से निरंतर संपर्क बनाये हुए हैं जिनकी कार्य शैली और आम नागरिकों के प्रति सहिष्णुता व उनकी समस्याओं के प्रति जवाबदेही एवं सजगता से समस्त ग्राम वासी प्रभावित है और पार्टी से हटकर जनमानस उन्हें विजयी बनाने के लिए कटीबद्ध है। वही ग्राम जंबाड़ी के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुखदेव पांसे ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बन रही हैकांग्रेस सरकार के बनते ही किसानों का ऋण माफ होगा, प्रत्येक पात्र महिलाओं को 1500 रूपये प्रतिमाह दिये जायेंगे, 500 रूपये में घरेलू गैस सिलेण्डार प्रदाय किया जायेंगा, 100 यूनिट बिजली बिल मुफ्त तथा 200 यूनिट बिजली बिल आधा किया जायेंगा, किसानों को 5 हार्स पावर तक कृषि पम्प हेतु बिजली मुफ्त दी जायेंगी, 10 हार्स पॉवर के बिल आधे किये जायेंगे, किसानों के सिंचाई के पुराने बिजली बिल माफ किये जायेंगे, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जायेंगा। इस प्रकार कांग्रेस की आगामी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. विजय देशमुख, किशोरसिंह परिहार, हैबत साकरे, अरूण यादव, डॉ. सुधाकर पाटनकर, किसन कुंभारे, शैलेश ठाकरे, कमलेश पाटनकर, अजय बारस्कर, रामदयाल हारोड़े, आजाबराव खातरकर, रमेश हारोड़े, जगदीश चौहान, झनक खातरकर, सुनिल मायवाड़ सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# बाइक सवार बैलगाड़ी से टकराकर हुआ घायल



**मुलताई, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा मार्ग पर स्थित ग्राम सोनेगांव से दुनावा जा रहे एक बाइक सवार की अचानक सामने चल रही बैलगाड़ी से टक्कर हो गई, जिसके चलते बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एनएचएआई एंबुलेंस के माध्यम से नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम सोनेगांव निवासी 35 वर्षीय गणपत पुत्र देवीराम जो की दुनावा जा रहे थे, तभी अचानक पेट्रोल पंप के पास सामने चल रही बैलगाड़ी से उनकी टक्कर हो गई, जिसके चलते गणपत गिरकर घायल हो गए।

उन्हें हाथ, पैर और सर में गंभीर रूप से चोट आई, जिसकी सूचना राहगीरों द्वारा एनएचएआई एंबुलेंस को दी गई, जिसके बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल गणपत को नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां पर उपस्थित डॉक्टर द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

### ग्राम जाम के एक घर में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग



**मुलताई, देशबन्धु।** विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम जाम में बीती रात अज्ञात कारणों के चलते अचानक से घर में आग लग गई। जिससे घर में रखा हुआ फ्रिज एवं अन्य गृहस्थी का सामान जल गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम जाम निवासी कैलाश साहू के घर में रात करीब 3ः00 बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जैसे ही आग की लपटे उठते दिखाई दी, घर में सो रहे सभी लोग घबरा गए और तुरंत भाग कर घर से बाहर निकले। आग लगने के बाद आसपास के लोग भी घरों के बाहर आ गए थे और भारी भीड़ जमा हो गई थी। जैसे तैसे ग्रामीणों ने घर में लगी आग को बुझाया, लेकिन तब तक फ्रिज सहित घर में रखा अन्य गृहस्थी का सामान जल चुका था।

# खरगापुर से आप प्रत्याशी सोनी का जनसंपर्क जारी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** खरगापुर विधानसभा की आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी प्यारेलाल सोनी को मिल रहा है। जनता का भारी समर्थन आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी प्यारेलाल सोनी अपना नामांकन पत्र भरने के बाद जब अपनी जनता जनार्दन के बीच पहुंचे और उन्होंने आम आदमी पार्टी के चुनाव चिन्ह झाड़ू पर मोहर लगनी की लोगों से अपील की है, प्यारे लाल सोनी का कहना है कि अगर मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो किसी भी विधानसभा में कोई भी दलाल नहीं रहेगा।

आपके काम सीधे दिए जाएंगे जो अभी तक लोगों को कमीशन देकर अपने कार्य करवाना पड़ रहा है और कई पैसा देने बाद भी काम नहीं हो नहीं पाते झरिया हो या सरिया मकान हो जमीन हो बालू हो हर जगह बीजेपी के दलाल पैदा हो गए हैं। जो इस मध्य प्रदेश के लोगों के लिए नासूर बन गए हैं हमें इस भाजपा जैसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए भाजपा सरकार पर जमकर बरसे प्यारेलाल सोनी उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और कांग्रेस की सरकार जब भी मध्य प्रदेश में रही तब तक भ्रष्टाचार मध्य प्रदेश में बड़ा है। उन्होंने कहा है कि मैं अभी तक मैंने खरगापुर विधानसभा से पहली बार मैंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। जिसमें भी हमें जनता का बहुत आशीर्वाद प्राप्त हुआ दूसरा चुनाव में समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा उसमें भी मुझे जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और अब यह मेरा तीसरा चुनाव आम आदमी पार्टी से चुनाव चिन्ह झाड़ू से प्रत्याशी हूं मुझे इस बार भी जनता का अपार आशीर्वाद मिलेगा आम आदमी पार्टी प्रत्याशी प्यारेलाल सोनी का कहना है कि अब जो हम अपनी बहन बेटियों का कन्यादान करेंगे। उसमें हर एक बहन बेटी को एक मोटरसाइकिल और एक फ्रेश दिया जाएगा। बाकी जो सामान दिया जाता है वह सभी दिया जाएगा जिस कारण हमारी बहन बेटी के घर में किसी भी चीज की जरूरत ना पड़े दिल्ली और पंजाब की तरह इस बार मध्य प्रदेश से भाजपा का सुपड़ा साफ होगा और आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी हमें अगर अपने मध्य प्रदेश में खुशहाली लाना है तो आम आदमी पार्टी को लाना जरूरी है। हमारे मध्य प्रदेश को भाजपा ने एक बीमारू राज्य कर दिया है जिसमें स्वास्थ्य सेवाएं बिल्कुल ठप्प है शिक्षा बिल्कुल ठप्प पड़ी है। स्कूल है तो स्कूल में शिक्षक नहीं है अस्पतालों में डॉक्टर नहीं है किसानों को सही दामों पर उनको खाद नहीं मिल रहा है बहन बेटी हमारी मध्य प्रदेश में अभी सुरक्षित नहीं है। अगर हम अपने मध्य प्रदेश में खुशहाली लाना चाहते हैं तो आप सभी लोगों को आशीर्वाद बहुत जरूरी है और आप लोग आम आदमी पार्टी की झाड़ू का बटन दबाए और मध्य प्रदेश में खुशहाली लाएं।

## सार समाचार

### आज 9 बजे से 1 बजे तक विद्युत प्रवाह रहेगी बाधित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** 11 के वी लाइन एवं उपकेन्द्र का रखरखाव कार्य 3 नवंबर को सुबह 9 बजे से 1 बजे तक किया जाना है जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी। उप महाप्रबंधक मप्रमक्षेविविकंलि नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि मेंटेनेंस के दौरान 11 के वी हिल व्यू होम फीडर अंतर्गत सांइ हेवन, सांइ ग्रीन सिटी, हिल व्यू होम, डबल फाटक, रेवा सिटी, विनायक रेसीडेंसी, फेफर ताल एवं संबंधित क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी।

### 2 आदतन अपराधी जिला बदर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने जिले के दो आदतन अपराधियों को जिला नर्मदापुरम की सीमाओं एवं सीमावर्ती जिलो की सीमाओं से आगामी 1 वर्ष के लिए जिला बदर किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन्हें जिला बदर किया गया है उनमें थाना नर्मदापुरम के हरि उर्फ शंकर जाटव पिता लीलाधर जाटव उम्र 50 वर्ष निवासी बालागंज एवं थाना सोहागपुर के दीपक पुर्विया आत्मज बैजनाथ पुर्विया उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम भट्टी शामिल है।

### अनधिकृत रूप से अवकाश में रहने पर प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कांगती रंगपुर शंकुल केन्द्र शासकीय कन्या उमावि सेमरीहरचंद विकासखंड सोहागपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, शाला में शांति ठाकुर प्राथ शिक्षक संस्था से बिना कोई अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित पायी गयी। वर्तमान में विधान सभा निर्वाचन 2022 की आचार संहिता लागू है। निर्वाचन के कारण अवकाश स्वीकृति पर रोक है। जिस पर सिविल सेवा नियम 1965 के नियम 1.2.3 के विपरीत होने के कारण कदाचरण की श्रेणी में आने के फलस्वरूप शांति ठाकुर प्राथ शिक्षक शासकीय प्राशा कांगती रंगपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में प्राथ शिक्षक शासकीय प्राशा कांतीरंगपुर शांति ठाकुर का निलंबन पश्चात मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सोहागपुर निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ता की पात्रता होगी।

### अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी ट्रेन की समय सारिणी में संशोधन 5 से

**इटारसी, देशबन्धु।** आधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की समय सारणी में 5 नवंबर से बदलाव किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 22188 अधारताल-रानी कमलापति इण्टरसिटी ट्रेन संशोधित समय सारिणी के अनुसार चलेगी। संशोधित समय सारणी के अनुसार गाड़ी संख्या 22188 अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी ट्रेन प्रतिदिन अधारताल स्टेशन से 16:15 बजे प्रस्थान कर जबलपुर 16:27 बजे, मदन महल 16:44 बजे, श्रीधाम 17:18 बजे, नरसिंहपुर 17:43 बजे, करेली 17:59 बजे, गाडरवारा 18:19 बजे, पिपरिया 18:53 बजे, इटारसी 20:05 बजे, नर्मदापुरम 20:38 बजे और गंतब्य स्टेशन रानी कमलापति रात्रि 22:20 बजे पहुंचेगी।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क जोरों पर

इटारसी, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव में मतदाताओं से जनसंपर्क करने निकले भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ.सीतासरन शर्मा का जगह-जगह स्वयं मतदाता स्वागत कर रहे हैं। आज मेहरागांव ग्राम पंचायत अंतर्गत नयायार्ड क्षेत्र में पहुंचे तो यहां उनके माथे पर तिलक किया, मिष्ठान खिलाया और कहा, स्वागत है आपका। डॉ. शर्मा ने मतदाताओं से अपनी जीत के लिए आशीर्वाद मांगा।भाजपा प्रत्याशी डॉ.सीतासरन शर्मा ने आज मेहरागांव ग्राम पंचायत के नयायार्ड क्षेत्र के साथ ही ग्राम सोनासांवरी, ग्राम साकेत, बम्हनगांव में जनसंपर्क किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में तो उत्साह था, उनके स्वागत के लिए ग्रामीण और नागरिक भी आतुर थे। डॉ. शर्मा ने कहा कि जो विकास किया है, सबके सामने हैं और अब उस विकास को निरंतर बनाये रखने के लिए आशीर्वाद प्रदान करें।भाजपा प्रत्याशी डॉ.सीतासरन शर्मा के समर्थन में आज महिला मोर्चा ने नगर के वार्ड क्रमांक 15,16,17, सूरजगंज, दशमेश कालोनी, पुरानी इटारसी के वार्ड क्रमांक 5, 33 और 34 में भी जनसंपर्क किया। इसी तरह से नगर भाजपा ने वार्ड वार्ड क्रमांक 9,10,11,12 नई गरीबी लाइन, खेड़ा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी डॉ. शर्मा के लिए जन समर्थन मांगा। इसी तरह से पुरानी इटारसी के वार्ड 3,4,26,27 और 28 में भी नगर भाजपा मंडल ने जनसंपर्क किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सीतासरन शर्मा के समर्थन में वार्ड क्रमांक 16 के कार्यकर्ताओं ने एलकेजी कॉलोनी में जनसंपर्क किया।

## नाम वापसी के बाद अब चारों विधानसभा क्षेत्रों में

# कुल 40 उम्मीदवार आजमाएंगे अपनी-अपनी किस्मत

**नर्मदापुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार दोपहर 3 बजे तक जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न की गई। पिपरिया और सिवनीमालवा विधानसभा क्षेत्र में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नाम वापस नहीं लिया। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में 5 अभ्यार्थी और होशंगाबाद में 2 अभ्यार्थी ने अपना नाम वापस लिया। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सोहागपुर बृजेन्द्र रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को निर्दलीय अभ्यार्थी हबीब खां ने और अंतिम दिन गुरुवार को शेख सिकंदर, बहुजन समाज पार्टी से अभ्यार्थी हेमराज सिंह परिहार, निर्दलीय अभ्यार्थी ब्रिजेश यादव और निर्दलीय अभ्यार्थी गणेश अहिरवार ने विधानसभा निर्वाचन में अपनी उम्मीदवारी से नाम वापस लिया है। वहीं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होशंगाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी राजेश शर्मा और निर्दलीय प्रत्याशी धनीराम गौर ने नाम वापस लिया है। इस प्रकार अब पिपरिया विधानसभा में सभी 8 अभ्यार्थी और सिवनीमालवा विधानसभा में सभी 15 अभ्यार्थी निर्वाचन में उम्मीदवार के रूप में शामिल होंगे। होशंगाबाद विधानसभा में नाम वापसी के बाद 13 में से 11 अभ्यार्थी और सोहागपुर में 11 अभ्यर्थियों में से अब 6 अभ्यार्थी निर्वाचन में शामिल होंगे।

होशंगाबाद-इटारसी सीट से डॉक्टर सीतासरन शर्मा भाजपा, गिरिजाशंकर शर्मा कांग्रेस, भगवतीप्रसाद चौरे निर्दलीय, प्रदीप मांझी बसपा, गुलाबदास बडोदिया राष्ट्रीय नवजागरण, सुरेंद्र बहुजन मुक्ति, हरिओम कीर निर्दलीय, सुरेंद्र कुमार लुटारे नेशनल वर्ल्ड लीडर, सत्येंद्र कुमार अखंड भारत सम्राज्य, अभिषेक चौधरी राइट टू रिकॉल, अजय कुमार शुक्ला निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में हैं। सोहागपुर सीट से विजयपाल सिंह राजपूत भाजपा, पुष्पराज सिंह पटेल कांग्रेस, हरिसिंह कलमे महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी, उमेश कुमार मित्तल निर्दलीय, रामेश्वर अहिरवार निर्दलीय, लक्ष्मण सिंह गौर निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में हैं। पिपरिया विधानसभा सीट से ठाकुर दास भाजपा, वीरेंद्र बेलवंसी कांग्रेस, प्रतिभा अहिरवार बसपा, नरेंद्र पठारिया निर्दलीय, युगल किशोर निर्दलीय, करोड़ीलाल गोलिया आरपीआई, गोलू मेहरा गण सुरक्षा पार्टी, सुनील पवार राइट टू रिकाल पार्टी के प्रत्याशी मैदान में हैं। सिवनी मालवा विस सीट से प्रेमशंकर वर्मा भाजपा, अजय बलराम पटेल कांग्रेस, ओमप्रकाश रघुवंशी निर्दलीय, सुनील गौर आम आदमी पार्टी, कैलाश अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी, सुरेश उईके निर्दलीय, राममोहन केशव गौर निर्दलीय, उम्मेद सिंह रामकिशोर जाट गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, देवराज बहुजन मुक्ति पार्टी, मांगीलाल मानिक अखंड भारत समाज पार्टी, योगेश निर्दलीय, अजय निर्दलीय, धीरज इंडियन पीपल्स अधिकार पार्टी, फागराम समाजवादी जनपरिषद, नरेंद्र रघुवंशी राष्ट्रवादी भारत पार्टी के प्रत्याशी मैदान में हैं।



### निर्दलीय प्रत्याशी बिगाड़ सकते हैं, भाजपा-कांग्रेस के समीकरण

जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 40 प्रत्याशी चुनाव के लिए खड़े हुए हैं। इनमें से 13 प्रत्याशी निर्दलीय उम्मीदवार हैं। इनमें ज्यादातर वे लोग उम्मीदवारी कर रहे हैं जो भाजपा-कांग्रेस से नाराज हैं या जिनकी टिकिट कटी है। कांग्रेस-भाजपा से बगावत कर निर्दलीय चुनाव में खड़े हुए प्रत्याशी पार्टियों के चुनावी समीकरण को बिगाड़ने में अपनी भूमिका निभाएंगे। नर्मदापुरम जिले की सभी 4 सीट पर जीत को लेकर बीजेपी-कांग्रेस के अपने-अपने दावे हैं, लेकिन बागी उम्मीदवार समीकरण बिगाड़ सकते हैं। मान-मनौव्वल के बाद अब दोनों दलों की नजर बागियों पर टिक गई है। लोग कह रहे हैं कि होशंगाबाद, सिवनी मालवा और पिपरिया सीटों पर बीजेपी-कांग्रेस के घोषित उम्मीदवारों के लिए निर्दलीय प्रत्याशी परेशानी खड़ी कर सकते हैं। जिले की होशंगाबाद सीट से भाजपा से बागी भगवती प्रसाद चौरे मैदान में है और सिवनी मालवा सीट पर कांग्रेस के बागी पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी कांग्रेस प्रत्याशी अजय पटेल को चुनौती दे रहे हैं। वहीं सोहागपुर, पिपरिया में भी यही हाल हैं। भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला जरूर है, लेकिन यहां किसी के लिए भी जीत दर्ज कर पाना काफी चुनौती पूर्ण होगा।

### केंद्रीय प्रेक्षक ने ली स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारत निवार्चन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक उदय नारायण दास ने गुरुवार को रजिस्ट्रीकरण कार्यालय होशंगाबाद में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक ली। बैठक में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होशंगाबाद आशीष कुमार पांडे सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।0केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक श्री दास ने कहा कि सभी राजनीतिक दल आदर्श आचरण संहिता का गंभीरता से पालन करें। अभ्यार्थियों और मतदान अभिकर्ताओं को मतदान दिवस के संबंध में उनके दायित्वों के संबंध में अच्छे से जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत और सूचना के लिए सभी प्रेक्षक सर्किट हाउस में उपलब्ध हैं। मोबाइल नंबर पर भी आप सूचना दे सकते हैं। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की सूची सर्विस वोटर्स इत्यादि की प्रतियां उपलब्ध कराई गई। प्रेक्षक ने रजिस्ट्रीकरण कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम एवं शिकायत शाखा का भी निरीक्षण किया।

## परमिट शर्तों के उल्लंघन पर चालानी कार्यवाई, 90 हजार से अधिक वसूले



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** परिवहन आयुक्त तथा कलेक्टर के दिशा निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ विभाग के जांच दल द्वारा पिपरिया मार्ग, इटारसी मार्ग तथा हरदा मार्ग पर सुबह से शाम तक जांच अभियान चलाते आचार संहिता में जारी नियमों के तहत निजी तथा यात्री वाहनों की तलाशी ली गई, तथा वाहनों के कागजात जांच करते हुए कमी पाए गए वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई, जिनमे 1 यात्री बस एमपी 09 एफए 4422 टूरिस्ट बस परमिट शर्तो का उल्लघंन करते हुए पिपरिया मार्ग पर संचालित पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई, अन्य वाहनों में ब्लैक फिल्म, हूटर, अनाधिकृत नाम प्लेट, फिटनेस, बीमा की जांच करते हुए 30 चालानों से 42500 हजार रुपए राजस्व वसूला गया। आरटीओ निशा चौहान ने बताया की आरटीओ विभाग की अलग - अलग जांच टीम द्वारा दिन और रात्रि में वाहनों को जांच, तलाशी तथा चालानी कार्यवाही की जा रही है, जो आचार संहिता में लगातार जारी रहेगी, और अधिक नियमों में लापरवाही वाले वाहनों पर जप्ति की कार्यवाही की जाएगी, जांच दल में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के साथ बाबू विजय श्रीवास्तव, लखन गौड़, सिपाही, राकेश चौरे, दीपक उपाध्याय, प्रदीप यादव, गोलू पटेल,सुनील मुदगल, उदयभान, कीर्ति वर्मा, हेमंत प्रजापति शामिल रहे।

## 7 लाख के अवैध गांजे के साथ 4 लोग गिरफ्तार

**इटारसी, देशबन्धु।** सिटी पुलिस ने करीब सात लाख रुपए कीमत के 35 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। चुनाव आचार संहिता के कारण पुलिस सख्ती से कार्रवाई में जुटी है और इस दौरान बदमाशों, अवैध काम करने वालों पर पैनी नजरें हैं।

एसपी डॉ. गुरुकरण सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान एवं टीआई गौरव बुंदेला के नेतृत्व में सिटी पुलिस ने रेलवे क्षेत्र 12 बंगला से दो महिलाएं और दो पुरुषों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 35 किलो अवैध गांजा जब्त किया है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि आज रेलवे बारह बंगला क्षेत्र में दो महिलाएं एवं दो पुरुष बैग में कुछ मादक प्रदार्थ लेकर घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा। संदिग्धों के बैग की तलाशी ली गई तो उसमें बड़ी मात्रा में अवैध गांजा भरा मिला। मौके से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर एएसआई संजय रघुवंशी टीम के साथ थाने लाये, जहां चारों से



35 किलो गांजे के साथ 2 महिला 2 पुरुषों को गिरफ्तार किया

पूछताछ की गई। आरोपी महिला परमजीत कौर पति भीम सिंह निवासी हरियाणा, मलकीत कौर पति सुखदेव हरियाणा, सुरेन्द्र पिता पूरन सिंह बैरागी हरियाणा एवं सुशील पिता सुरूमलिंग उड़ीसा निवासी हैं। चारों आरोपी उड़ीसा से गांजा लेकर इटारसी आये थे और इटारसी से हरियाणा जाने की फिराक में थे। मुखबिर की सूचना पर चारों आरोपियों को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों को गिरफ्तार करने में एएसआई रीना खरे, प्रधान आरक्षक हेमंत तिवारी, भागवेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह भदौरिया, आरक्षक हरीश डिगरसे, राजेश पंवार, जयप्रकाश पाठे, गजेन्द्र, अंकित, पूनम चौधरी, चेतना के साथ आरपीएफ का भी सहयोग रहा।

## मतदान की अपील : किन्नरों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली



***इटारसी, देशबन्धु।*** *नगर पालिका परिषद के माध्यम से आज नगर के नाला मोहल्ला क्षेत्र में थर्ड जेंडर के मध्य मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया। इस दौरान किन्नर समाज के सदस्यों ने स्वयं आगे आकर मतदाताओं से लोकतंत्र की मजबूती और सफलता के लिए आवश्यक तौर पर मतदान करने का आग्रह किया। सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी सफदर खान के नेतृत्व में इस दौरान किन्नर समुदाय का सम्मान किया। नाला मोहल्ला में रैली निकाली जिसमें आम मतदाताओं से विधानसभा चुनाव में आवश्यक रूप से मतदान करने का अनुरोध किया गया। किन्नर गुरु पांचाली देशमुख ने मतदाताओं से कहा कि मतदान अवश्य करें, क्योंकि लोकतंत्र में हमें यह अधिकार मिला है कि हम अपनी पसंद की सरकार का चुनाव करें। हमें अपने इस अधिकार का इस्तेमाल करना है, सभी भारतीयों को चाहिए कि 17 नवंबर को सबसे पहले मतदान करें, फिर अपने सारे काम करें। सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी सफदर खान ने बताया कि यह जिले में थर्ड जेंडर के मध्य पहला कार्यक्रम है। हमने न सिर्फ किन्नर मतदाताओं से मतदान के लिए अनुरोध किया बल्कि उन्होंने स्वयं रैली में शामिल होकर आम मतदाताओं से मतदान की अपील की। हमने उनका इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए सम्मान भी किया।*

## सतर्कता जागरुकता सप्ताह में पॉवरग्रिड ने कराई भाषण प्रतियोगिता

**इटारसी,देशबन्धु।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का आयोजन किया जा रहा है।



इस अवसर पर आज शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, इटारसी में छात्रों के लिए भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभागिता की। निर्णायक मंडल में पावरग्रिड के उपमहाप्रबंधक रघुनन्दन सिंह लोधी, प्रबंधक टी.श्रीनाथ व पॉलिटेक्निक से आरके चौलकर एचओडी मैकेनिकल ब्रांच रहे। प्रतियोगिता में अनिरुद्ध सिंह, दुर्गेश कहार एवं लक्ष्य मालवीय सफल रहे।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य आरएस लौवंशी ने छात्रों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध दृढ़ता से लड़ने के लिए प्रेरित किया। उप महाप्रबंधक ने अपने वक्तव्य में सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया साथ ही महाविद्यालय के अध्यापक स्टाफ एवं बच्चों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पावरग्रिड से अनूप केएम एवं अन्य अधिकारी एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का प्रबंधन विपिन कुमार अभियंता ने एवं संचालन श्रीकांत सेन ने किया।

## यादव समाज 13 नवंबर को मनायेगा गोवर्धन पूजा अन्नकूट उत्सव

**इटारसी, देशबन्धु।** दीपों के पर्व दीपावली के अगले दिन कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को अन्नकूट उत्सव मनाया जाता है। इस दिन मंदिरों में विभिन्न पकवानों का भोग भगवान को लगाया जाता है।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीकृष्ण यादव समाज कल्याण समिति द्वारा श्रीगोवर्धन पूजा अन्नकूट उत्सव मनाया जाएगा। आगामी 13 नवंबर को श्रीयादव भवन, गोपाल नगर, सूरजगंज में समस्त यदुजनों द्वारा गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन की आकृति बनाकर उसकी पूजा की जाएगी। वहीं भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा।

इस संबंध में समिति के अध्यक्ष आरके यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 नवंबर, सोमवार को सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसके बाद श्रीगोवर्धन पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान गौ पूजा एवं श्रेष्ठ गौ श्रृंगार की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रतिभागी को पुरस्कृत किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक आयोजन भी किए जाएंगे। दोपहर दो बजे से अन्नकूट उत्सव प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

## शालीनता से जोर पकड़ रहा है विधानसभा का चुनाव प्रचार

# प्रत्याशी जुटे अपने पक्ष में माहौल बनाने

**इटारसी, इेशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनावों में प्रत्याशियों का प्रचार शालीनता से जोर पकड़ रहा है। राजनैतिक दलों के चुनाव कार्यालय खुल चुके हैं और प्रत्याशी अपनी नीतियों के अनुसार प्रचार में भी जुट गये हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शांति से मतदाताओं से मेल-मुलाकात करने में जुट गये हैं तो कांग्रेस के प्रत्याशी कांग्रेसियों से घर-घर जाकर भेंट कर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी पुराने शहर में नुक्कड़ सभाएं भी ले चुके हैं।

### अब बचे इतने प्रत्याशी

चुनाव मैदान में अब नर्मदापुरम में दो प्रत्याशियों के नाम वापस लेने के बाद केवल 11 प्रत्याशी शेष हैं। आज नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी राजेश शर्मा और निर्दलीय प्रत्याशी धनीराम गौर ने नाम वापस लिया है। दो प्रत्याशियों के अपने को चुनाव मैदान से हटाने के बाद अब मुकाबला 11 प्रत्याशियों के बीच होगा।

- दोनों प्रमुख पार्टियों के कार्यालय प्रारंभ
- नाम वापसी के बाद 11 के मध्य मुकाबला

### दोनों पार्टियों के कार्यालय खुले

भारतीय जनता पार्टी का चुनाव कार्यालय मंगलवार को नवमी लाइन में खुला है, पिछले चुनाव में भी यहीं कार्यालय था। भारतीय जनता पार्टी की नेत्री राजो मालवीय ने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। कांग्रेस पार्टी का चुनाव कार्यालय पहली लाइन में खुला है। चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मंत्री विजय दुबे काकूभाई ने किया।

### मेल-मुलाकात का दौर

इस चुनाव में दो सगे भाई एकदूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं तो माना जा रहा है कि प्रचार शालीनता से चलेगा और प्रत्याशी के खिलाफ टिप्पणी की जगह पार्टियों की नीतियों पर बात होगी। अभी तो दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों का क्षेत्र के मतदाताओं और अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात करने का दौर ही चल रहा है।

### चारों विधानसभा की स्थिति

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आज दोपहर 3 बजे तक जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में नाम वापसी की प्रक्रिया हुई। पिपरिया और सिवनीमालवा विधानसभा क्षेत्र में किसी भी अभ्यर्थी ने नाम वापस नहीं लिया। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में 5 अभ्यार्थी और होशंगाबाद में 2 अभ्यार्थी ने अपना नाम वापस लिया। नर्मदापुरम विधानसभा में नाम वापसी के बाद 13 में से 11 अभ्यार्थी और सोहागपुर में 11 अभ्यर्थियों में से अब 6 अभ्यार्थी निर्वाचन में शामिल होंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मंडला में कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा-

# कांग्रेस के समय 85 पैसे बिचौलिए खा जाते थे, अब पूरा पैसा गरीब के खाते में आ रहा है



**मंडला, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस के समय 1 रुपए में 85 पैसे बिचौलिए खा जाते थे, आज के समय पूरा एक रुपए गरीबों के खाते में आ रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए तेजी से काम किया है, जिसके चलते उनका जीवन स्तर ऊपर उठा है। श्री शर्मा आज मंडला और बिछिया में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

श्री शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह के शासनकाल में जब यात्रा करते थे तो बस चालक देखते थे की आगे सड़क है या नहीं, लेकिन भाजपा सरकार ने प्रदेश में 7 लाख किलोमीटर शानदार सड़कें बनाई हैं। भाजपा सरकार ने हर गरीब का जीवन बदलने का कार्य किया है। कांग्रेस शासनकाल में एक रूपए में 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे, यह उनके ही नेता स्वीकार करते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में 12 हजार रूपए किसानों के खाते में भेजे जा रहे हैं तो 12 हजार ही पहुंच रहे हैं, एक रूपए भी कम नहीं पहुंच रहे। कांग्रेस राज में अगर गरीब को दस-बीस हजार रूपए का इलाज कराना हो तो पैसे की व्यवस्था करने के लिए जेवर तक गिरबी रखने पड़ जाते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोदी जी ने गरीबों की जिंदगी बचाने के लिए आयुष्मान भारत योजना लागू करके देशभर के गरीबों को पांच लाख रूपए तक के नि:शुल्क इलाज की गारंटी दी है।

श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में महिलाओं को धुएं में खाना बनाना पड़ता था। पहले गैस कनेक्शन के लिए कूपन मिलता था, लोगों को ब्लैक में गैस कनेक्शन लेना पड़ता था। भाजपा की सरकार बनी और एक गरीब के बेटे नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने गरीबों की स्थिति सुधारने के लिए उज्ज्वला योजना बनाकर गरीब महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन दिए हैं। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने गरीब कल्याण के लिए कई योजनाएं बनाईं, जिनका लाभ आज प्रदेश की जनता को मिल रहा है।

श्री शर्मा ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कर्ज माफी सहित कई झूठी घोषणाएं करके कांग्रेस पार्टी भाजपा से तीन-चार सीट अधिक पा गई और छल-कपट सत्ता में आ गई। कांग्रेस ने किसानों का कर्ज माफ नहीं किया और उन्हें डिफाल्टर बनाकर अपमानित करने का कार्य किया है। भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 21 सौ करोड़ से अधिक की राशि जमा करके प्रदेश के किसानों को डिफाल्टर से बाहर निकालकर उन्हें सम्मान दिया। अगर प्रदेश में गलती से भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो मिस्टर बंटाढार और करप्शननाथ मिलकर गरीब कल्याण की योजनाएं बंर कद देंगी। कमलनाथ मुख्यमंत्री बने तो प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीबों के लिए करीब दो लाख मकान लौटा दिए। कमलनाथ ने राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली 25 प्रतिशत मैचिंग ग्रांट भी नहीं दिए और गरीबों के सिर से छत छीनने का कार्य किया। भाजपा सरकार ने गरीबों का संबल देने का कार्य किया है।

## पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के बेटे हर्षवर्धन ने भाजपा से दिया इस्तीफा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के पूर्व सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान के बेटे हर्षवर्धन सिंह चौहान ने पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। विधानसभा चुनाव से पहले हर्षवर्धन का इस्तीफा भाजपा को बुरहानपुर में बड़ा झटका माना जा रहा है। बुरहानुपर से टिकट नहीं मिलने के बाद हर्षवर्धन सिंह चौहान ने निर्दलीय चुनाव लड़ने के ऐलान किया था और वह अपने समर्थकों के साथ नामांकन भी दाखिल कर चुके हैं।

हर्षवर्धन सिंह चौहान ने दावा किया है कि साल 1980 में भाजपा की जो स्थिति थी। फिर से वही स्थिति बन जाएगी, क्योंकि इतने लोग इस्तीफा देने वाले हैं। वही, हिंदू नेता प्रियांशु ठाकुर ने हर्षवर्धन सिंह चौहान को अपना समर्थन देते हुए नामांकन वापस ले लिया है। कहा जा रहा है इससे भाजपा के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी हो सकती है।

## पूर्व मंत्री बघेल के भतीजे भाजपा में शामिल

**कुक्षी, देशबन्धु।** कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह बघेल के भाई लक्ष्मण सिंह बघेल के पौत्र और कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल के भतीजे युवा नेता यशपाल बघेल (जेकी) ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर गुरुवार को कुक्षी विधानसभा क्षेत्र के अपने सैकड़ों साथियों के साथ मध्यप्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे और पूर्व मंत्री श्रीमती रंजना बघेल की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। डॉ. खरे और पूर्व मंत्री श्रीमती बघेल ने युवा नेता यशपाल बघेल का पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया । इस अवसर पर यशपाल बघेल (जैकी) ने कहा की मैंने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा की है सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गुप्ता ने कहा, कांग्रेस ने कोई योजना बंद नहीं की

# मुख्यमंत्री बताएं, जयकिसान फसल ऋण माफी योजना बंद क्यों की?



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा द्वारा यह झूठ फैलाया जा रहा है कि कमलनाथ की 15 माह की सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी थी, जबकि वास्तविकता यह है कि कांग्रेस ने कोई योजना बंद नहीं की। इसके साथ ही श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री से सवाल किए कि मुख्यमंत्री बताएं कि उन्होंने किसान खेत तीर्थ दर्शन योजना बंद क्यों की? वे यह भी बताएं कि उन्होंने कमलनाथ की जयकिसान फसल ऋण माफी योजना बंद क्यों की? लाखों किसानों को डिफाल्टर बनाया? क्या भाजपा किसानों को बर्बाद करना चाहती है?

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमत्री ने लगभग सौ बार कहा कि कांग्रेस ने किसानों का कोई कर्जा माफ नहीं किया किंतु विधानसभा में स्वीकार करना पड़ा कि 27 लाख किसानों का कर्ज माफ हुआ है। उसके बाद कहा कि संबल योजना बंद कर दी, लेकिन विधानसभा में खुद ही स्वीकार किया कि 74850 हितग्राहियों को 547. 3 करोड़ का संबल योजना के तहत लाभ दिया गया। श्री गुप्ता ने कहा कि इसके बाद भाजपा ने एक और झूठ बोला कि सहरिया /भारिया जनजाति समूह से पोषण योजना का पैसा छीना। जबकि सारे अधिकारियों ने आरटीआई में स्वीकार किया कि पोषण की योजना निरंतर है कभी बंद नहीं हुई। इस प्रकार तीर्थदर्शन योजना के बारे में भी झूठ फैलाया गया कि योजना बंद कर दी गई है, जबकि वास्तविकता यह है कि विभिन्न जिलों से तीर्थदर्शन पर बुजुर्गों को ले जाने के लिए व्यवस्थाएं की गई थीं। इस संबंध में श्री गुप्ता ने आंकड़े भी प्रस्तुत किए। इस दौरान श्री गुप्ता ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में सामने आए घोटालों का जिक्र भी किया। वहीं आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में 24 हजार झूठी घोषणाएं हुईं।

भाजपा ने कांग्रेस पर फिर साधा निशाना

# हिंदुओं को बदनाम कर रही कांग्रेस



**भोपाल, देशबन्धु।** विधायक और भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस पर हिंदुओं को बदनाम करने का आरोप लगाया है।

श्री शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि पिछले चुनाव में कमलनाथ एक समाज के लोगों से कह रहे थे कि जमकर वोट करना वरना भाजपा आ जाएगी। कांग्रेस के एक और नेता जीतू पटवारी को सारे हिंदू 'नफरती हिंदू' नजर आ रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि मैं जीतू पटवारी और 'नफरती हिंदू' कहकर हिंदुओं को बदनाम तथा डिमोरलाइज्ड करने वाली कांग्रेस पार्टी से यह कहना चाहता हूं कि हम 'नफरती हिंदू' नहीं हैं, हम हिंदुस्तान के असली हिंदू हैं। हम देश के लिए भी मरेंगे और राम के लिए भी सिर कटाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस हिंदुओं के खिलाफ नफरत के बीज बो रही है, हिंदुओं को बदनाम करने की साजिश रच रही है।

श्री शर्मा ने पूछा कि हिंदुओं से इतनी नफरत क्यों है? और अगर हिंदुओं से इतनी नफरत है, तो कांग्रेस के नेता चुनाव के समय टीका लगाने और मंदिर जाने का ढोंग क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि कांग्रेस के मुंह में राम बगल में छुरी, हिंदुओं के बारे में नीयत बुरी। अब देश और प्रदेश के हिंदू इस बात को जान गए हैं। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित अन्य नेताओं पर भी सवाल उठाए हैं, साथ में खरगोन दंगों का जिक्र भी किया है।

# कमल पटेल ने कहा- मुख्यमंत्री का जिला भी पूरा सिंचित नहीं



**हरदा, देशबन्धु।** ग्राम रन्हाई में जनसंपर्क के दौरान सभा स्थल पर भाषण देते हुए भाजपा प्रत्याशी कमल पटेल ने हरदा जिले को सिंचाई में अग्रणी बताते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह व सिंचाई मंत्री के क्षेत्र को तुलनात्मक रूप से कम सिंचित बताया है। इसी दौरान उन्होंने कांग्रेस को वोट देने को टुकड़ा टुकड़ा गैंग को समर्थन करना बताते हुए इनसे सावधान रहने की अपील की।

## कांग्रेस बोली- भाजपा में सिर फ़ुटव्वल चरम पर

मीडिया समन्वयक पीयूष बबेले ने इस वीडियो को ट्वीट किया है। साथ ही संदेश भी लिखा कि कृषि मंत्री कमल पटेल ने मुख्यमंत्री शिवराज की जमकर धुलाई की। कहा मुख्यमंत्री अपने ज़िले को सिंचित नहीं कर पाए। भाजपा में सिर फ़ुटव्वल चरम पर...।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई ने कहा कि कमल पटेल स्वयं एक वीडियो में अपनी ही सरकार को कटघरे मे खड़ा कर रहे हैं। वो एक वीडियो मे बोल रहे हैं कि मुख्यमंत्री का जिला भी पूरा सिंचित नहीं है। सिंचाई मंत्री का जिला भी सिंचित नहीं है। मै उनसे सवाल पूछता हूं कि हरदा जिले में जो कांग्रेस की सरकार में स्व. इंदिरा गांधी ने नहर खुदवाई थी, भाजपा के लोग उसमें पानी नहीं पंहुचा पा रहे है। जिले की सभी केनालो का टेल क्षेत्र 20 से 30 किलोमीटर कम हुआ है फिर कैसे होगा शत प्रतिशत सिंचित कमल पटेल को जबाब देना चाहिए। मेरा मानना है कि कृषि मंत्री और वर्तमान विधायक कमल पटेल ने अपने ही क्षेत्र के किसानों को 25 साल पीछे धकेल दिया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**सरकार नहीं चला पाए....** और तबाह करने में कांग्रेस सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि जब कमलनाथ मुख्यमंत्री थे तो हमेशा पैसों का रोना रोते थे। कहते थे मामा खजाना खाली कर गया, लेकिन भाइयो-बहनों जनता की सेवा के लिए मेरे पास पैसों की कोई कमी नहीं हैं। जहां चाह होती है वहां राह निकल ही आती है। श्री चौहान ने आरोप लगाया कि कमलनाथ और कांग्रेस की सरकार ने भाजपा की सारी योजनाएं बंद कर दी थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास कर रहा है और डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश भी विकास पथ की ओर अग्रसर है। प्रदेश में भाजपा की सरकार फिर बनेगी और विकास को गति मिलेगी।

**नौजवानों का भविष्य सबसे....** ही अंधकार में रहा तो किस तरह से मध्य प्रदेश के भविष्य का निर्माण होगा। प्रदेश में 1 करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं और युवाओं का भला सरकार की योजनाओं से हो सकता है, लेकिन अगर इन योजनाओं में 50 प्रतिशत कमीशन है तो नौजवानों का भला नहीं हो सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से केवल 12 दिन बचे हैं। इन 12 दिनों में आपको 24 घंटे काम करना है अपने भविष्य के लिए, प्रदेश के भविष्य के लिए। उन्होंने 15 महीने की सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि 15 महीना में सागर जिले में 80500 किसानों सहित प्रदेश के 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया, हमने 1 हजार गौशाला बनवाई, हमने पेंशन बढ़ाने का काम किया। इस बार हमारी सरकार आते ही हम फिर से किसानों का कर्ज माफ करने का काम करेंगे।

कमलनाथ ने कहा कि सरकार आने पर फिर से सौ यूनिट फ्री बिजली देने, कन्या विवाह की राशि को 1 लाख 1 हजार करने, 26 सौ रुपये गेहूं और 25 सौ रुपये धान का समर्थन मूल्य देंगे, जिसको बढ़ाकर 3 हजार तक ले जाने का काम हमारी सरकार करने वाली है। प्रदेश में हम बेरोजगारों को 15 सौ रुपये से लेकर 3 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रत्येक महीने करने का काम करेंगे।

**भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई....** पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है कि एक भी बचने वाला नही है। भष्टाचारियों पर कार्रवाई के लिए आपने मुझे सत्ता में बिठाया है। यह काम मैं रोकने वाला नही हूं, भले ही लाखो गाली मिले या फिर कोई कुछ कर ले।

केसीआर ने जनता का पैसा.... हर महीने 4000 रुपए का फायदा होगा। इससे पहले बुधवार को भी राहुल ने मुख्यमंत्री केसीआर पर हमला बोला था। कलवाकुर्थी में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी नहीं हूं। जब वादा करता हूं तो उसे पूरा करके दिखाता हूं।

**खड़गे, राहुल, प्रियंका सहित....** पदयात्रा करेंगे। 10 नवंबर को वे सतना में रैली को संबोधित करेंगे। दिपावली के अगले दिन 13 नवंबर को श्री गांधी टिमरनी और उदयपुरा में रैली के बाद शाम को भोपाल में पदयात्रा करेंगे। श्री गांधी 14 नवंबर को विदिशा और राजनगर में रैली को संबोधित करेंगे। 15 नवंबर को श्रीमती वाड्रा दतिया में और इसी दिन श्री खड़गे आमला में रैली को संबोधित करेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी नेता सुरेश पचौरी, अजय सिंह राहुल, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, सज्जन सिंह वर्मा, श्रीमती विजयलक्ष्मी साधो, जीतू पटवारी, कमलेश्वर पटेल, उमंग सिंगार, ओंकार मारकम भी विधान सभा क्षेत्रों में जनसंपर्क और रैली करेंगे।

**रामलीला मैदान में तीसरी....** किए गए हैं। अब इस कड़ी में तीन नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली आयोजित की जाएगी। रैली की मुख्य मांगों में पीएफआरडीए एक्ट में संशोधन करना या उसे पूरी तरह खत्म करना, शामिल है। जब तक इस एक्ट को खत्म नहीं किया जाता, तब तक विभिन्न राज्यों में लागू हो रही ओपीएस की राह मुश्किल ही बनी रहेगी। वजह, एनपीएस के तहत कर्मियों का जो पैसा कटता है, वह पीएफआरडीए के पास जमा है। केंद्र सरकार कह चुकी है कि वह पैसा राज्यों को नहीं लौटाया जाएगा। ऐसे में जहां भी ओपीएस लागू हो रहा है, वहां पर सरकार बदलते ही दोबारा से एनपीएस लागू हो जाए, इस बाबत कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में राज्यों द्वारा की जा रही ओपीएस बहाली में कई पेंच फंसे रहेंगे।

क्या जेवियर की राजनीति का शिकार हो गई 'आप'!

# निर्दलीय भी किया था नामांकन, फिर कर दिया कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन

• धर्मेन्द्र पांचाल



**झाबुआ, देशबन्धु।** सियासत का एक दिलचस्प रंग झाबुआ विधानसभा सीट पर देखने को मिलाहै। कांग्रेस के टिकट वितरण से असंतुष्ट पूर्व विधायक जेवियर मेड़ा - जो कल तक कांग्रेस की रीति-नीति और कांतिलाल भूरिया के परिवारवाद पर जमकर बरस रहे थे, ने बुधवार को यू-टर्न लेते हुए अपना नामांकन वापस ले लिया और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रांत भूरिया का समर्थन भी कर दिया। इस घटनाक्रम में सबसे ज्यादा नुकसान झाबुआ में आप (आम आदमी पार्टी) का हुआ।

उल्लेखनीय है कि जेवियर मेड़ा ने 26 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के झंडे और बैनर तले अपने समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में नामांकन फॉर्म भरा था। उन्होंने 'आप' के साथ ही निर्दलीय के रूप में दो नामांकन दाखिल किए थे। माना जाता है कि जेवियर ने कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत यह सब कुछ किया। उनके समर्थन में इतनी भीड़ देखकर जिले के कांग्रेस नेताओं की नींद उड़ गई थी। दरअसल, 2018 के चुनाव में विक्रांत के सामने जेवियर निर्दलीय लड़े थे। नतीजतन विक्रांत की हार हुई। उसी हार से सबक लेते हुए झाबुआ से भोपाल तक कांग्रेस नेता तुरंत सक्रिय हुए और जेवियर को मनाने के प्रयास में जुट गए। कहना न होगा कि जेवियर के इस कदम से सबसे ज्यादा नुकसान आम आदमी पार्टी को ही हुआ है।

इस पूरे घटनाक्रम से पहले आम आदमी पार्टी से कमलेश सिंगाड़ दावेदारी कर रहे थे। उन्होंने भी 'आप' से नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया था। लेकिन सूत्रों की मानें तो जेवियर मेड़ा से हुई बातचीत के आधार पर पार्टी ने निर्णय लिया कि वे कांग्रेस के दमदार नेता हैं, इसलिए उन्हें ही चुनाव मैदान में उतारा जाना चाहिए। 'आप' के स्थानीय नेता इस बात से खुश भी थे। परंतु जेवियर के अचानक यू-टर्न लेने से वे सकते में आ गये। चौराहों पर चर्चा भी है कि जेवियर के लिए 'आप' का बी फॉर्म भी आ गया था, जो उनके बदल जाने से जमा नहीं हो सका। साथ ही अंतिम दिन होने के चलते नया बी फॉर्म कमलेश सिंगाड़ के नाम से जारी नहीं हो पाया। इस तरह जेवियर मेड़ा और कमलेश सिंगाड़ द्वारा 'आप' से दाखिल दो नाम निर्देशन पत्र बिना बी फॉर्म के निरस्त हो गए। इस तरह आम आदमी पार्टी फिलहाल तो दौड़ से बाहर हो गई है। जिले की तीन विधानसभा सीटों में से सिर्फ पेटलवाद में 'आप' का उम्मीद्वार मैदान में है। थांदला में किसी के नाम पर सहमति न बनने के चलते यहां से 'आप' ने प्रत्याशी घोषित ही नहीं किया।

नाम वापसी के बाद श्री मेड़ा ने बुधवार को मीडिया से बातचीत की और कहा कि मैंने चुनाव लड़ने के लिए फॉर्म भरा था। लेकिन 'आप' में गुटबाजी और टूट-फूट के चलते बी फॉर्म जमा नहीं कर पाया, इसलिए वह निरस्त हो गया। निर्दलीय चुनाव न लड़ने के पीछे उनका कहना था कि दीपावली का समय है। 2-3 तारीख तक चुनाव चिन्ह मिलेगें। प्रचार सामग्री तैयार करने में 5-7 दिन लग जाएंगे। मतदाताओं के पास बिना चुनाव-चिन्ह के पहुंचना असंभव है। इसी को लेकर उन्होंने नाम निर्देशन वापस लिया है। 'आप' में शामिल होने को लेकर उनका कहना था कि मैंने किसी भी पार्टी की सदस्यता नहीं ली थी। न ही मैंने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। कांग्रेस अब उनसे क्या काम लेगी, यह पार्टी को तय करना है।

### जेवियर ने झाबुआ की जनता का सौदा किया : आप

झाबुआ में गुरूवार को आम आदमी पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जेवियर मेड़ा पर आरोप लगाए। आप के जिला सचिव कमलेश सिंगाड़ ने कहा कि जेवियर ने झाबुआ की जनता का सौदा कांग्रेस से किया है। आप ने उन्हें बी फॉर्म दिया, परंतु उन्होंने जमा नहीं किया। सिंगाड़ ने आगे कहा, कि जेवियर मेड़ा ने कांग्रेस के साथ मिलकर बड़ी डील की है। उन्होंने कहा कि जेवियर ने आप की टोपी लगाई, हमारे झंडे-बैनर तले फॉर्म दाखिल किया, फिर बदल गए। पार्टी कानूनी सलाह ले रही है ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। सिंगाड़ ने जेवियर मेड़ा को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे सही हैं, तो मीडिया की मौजूदगी में खुली बहस करें।

श्री मेड़ा ने यह भी कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मुझसे चर्चा की थी। मुझे भोपाल बुलाया गया था। मैं पार्टी आलाकमान से मिला हूं। परंतु नाम वापसी का निर्णय मैंने खुद लिया है।

### भाजपा को करनी होगी नई जमावट

जेवियर मेड़ा के निर्दलीय या आप से मैदान में होने से भाजपा जीत को लेकर आश्वस्त थी। परंतु हालिया घटनाक्रम ने भाजपा की धड़कने भी बढ़ा दी हैं। जेवियर की कांग्रेस में वापसी से भाजपा को अब नए सिरे से अपनी चुनावी जमावट करना होगी। दरअसल जेवियर के बागी होने से भाजपा, कांग्रेस के 15-20 हजार वोटों का नुकसान मान रही थी। परंतु अब भाजपा को और अधिक मेहनत मैदान में करनी पड़ेगी। साथ ही भाजपा से निष्काषित पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष धनसिंह बारिया और किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष कलमसिंह भाबोर भी मैदान में है। जिसके चलते पार्टी की मुसीबतें कम नहीं हो रही है। दोनों को मनाने के लिए उसके कई नेता प्रयास कर रहें है। परंतु अब तक के नतीजे भाजपा के लिए सकारात्मक नहीं दिख रहे है।

झाबुआ जिले की तीन विधानसभा सीटों पर 25 प्रत्याशी मैदान में, सबसे ज्यादा थांदला में 9

# पेटलावद से कांग्रेस के बागी अकमाल मालू ने नामाकंन वापस लिया



**झाबुआ, देशबन्धु।** पश्चिमी मप्र के आदिवासी बहुल झाबुआ जिले की तीन विधानसभा सीटों पर कुल 25 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें सबसे ज्यादा 9 प्रत्याशी थांदला में दमखम दिखाएंगे। तो वहीं झाबुआ और पेटलावद में 8-8 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे है। 2 नवबंर, गुरूवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था, जिसको लेकर राजनीतिक दलों और जनता में काफी उत्सुकता देखी गई।

पेटलावद सीट से कांग्रेस के बागी अकमाल मालू ने अपना नाम निर्देशन पत्र वापस लिया - यह खबर जिले भर में चर्चा में रही। मालू ने कांग्रेस संगठन की बात मानकर पेटलावद से प्रत्याशी वाल सिंह मेड़ा को समर्थन देने की बात कही। चूंकि मालू कांग्रेस के दमदार नेता है, इसलिए भाजपा को लगने लगा था कि कांग्रेस का वोट बैंक दो धड़ों में बंटेगा और उसका फायदा भाजपा को मिलेगा। परंतु मालू की वापसी से कांग्रेस मजबूत नज़र आई। जिलाध्यक्ष प्रकाश रांका की सूझ-बूझ के चलते मालू ने कांग्रेस संगठन की बात पर भरोसा जताया। तो वही मालू के मैदान छोड़ने से भाजपा को नई नीति पर काम करना पड़ेगा। इसके पहले बुधवार को झाबुआ से पूर्व विधायक जेवियर मेड़ा ने भी कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में अपना नामाकंन वापस लिया था। गुरूवार को झाबुआ और थांदला से किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। इस तरह थांदला में 3 निर्दलीयों सहित कुल 9 लोग मैदान में है। तो वहीं पेटलावद में अब 8 उम्मीदवार चुनावी रण में होंगे। इसी तरह झाबुआ सीट से 8 प्रत्याशी जनता से समर्थन की गुहार करेंगे। सबसे ज्यादा निर्दलीय 4 झाबुआ सीट पर है, तो वहीं थांदला व पेटलावद में 3-3 निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे हैं।

**थांदला विधानसभा**

कलसिंह भाभर, भाजपा
वीरसिंह भूरिया, कांग्रेस
इलियास मचार, बसपा
तोलसिंह भूरिया, जद (यू)
मनीष मुनिया, भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी)
माजू डामोर, भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी)
बाबू डामोर, निर्दलीय
उदयसिंह मसार, निर्दलीय
तानसिंह मैड़ा, निर्दलीय

**झाबुआ विधानसभा**

भानू भूरिया, भाजपा
डॉ. विक्रांत भूरिया, कांग्रेस
बालू, बसपा
गब्बर सिंह, बीएपी (भारत आदिवासी पार्टी)
अमरा भाभर, निर्दलीय
अमरू मोहनिया, निर्दलीय
धनसिंह बारिया, निर्दलीय
कलमसिंह भाबोर, निर्दलीय

**पेटलावद विधानसभा**

निर्मला भूरिया, भाजपा
वालसिंह मेंड़ा, कांग्रेस
कोमलसिंह डामोर, आप
रामचंद्र जवरा सोलंकी, बसपा
रामेश्वर सिंगार, जद (यू)
इंजी. बालूसिंह गामड़, निर्दलीय
सतन कटारा, निर्दलीय
प्रेमसिंह भूरिया, निर्दलीय

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।